THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है

हिन्दी समाचार पत्र

द अनकवर्ड अपडेट

कवर के पीछे की खबर | Digital Edition | RJHIN/25/A4779

www.hpnews.in/www.tniawaaz.in | जयपुर, शनिवार 21 नवंबर, 2026 | » वर्ष: 01 » अंक: 27 » पृष्ठ: 8 » मूल्य: 2.00 रू.

कांग्रेस को प्रचंड बहुमत, भाजपा की बड़ी हार: 17 मंत्री और 3 केंद्रीय मंत्रियों के क्षेत्र में भी हारी पार्टी

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। राजस्थान में पंचायत चुनावों में कांग्रेस को बड़ी जीत मिली। वहीं बीजेपी के हिस्से अब तक की सबसे बड़ी हार आई है। नतीजों ने सरकार के मंत्रियों की जमीनी हकीकत की वास्तविकता को सामने रख दिया है। सरकार के 17 मंत्रियों और 3 केंद्रीय मंत्रियों के क्षेत्र में भाजपा कहीं टक्कर में भी नहीं आ पाई।

प्रदेश की 37 जिला परिषद में से कांग्रेस को जयपुर समेत 23 जगह बहुमत मिला। चार जगह सबसे बड़ा दल है। वहीं भाजपा को केवल 5 जिलों में बहुमत मिल पाया। सलूंबर में भाजपा बड़ी पार्टी बनी है। नागौर में आरएलपी ने बड़ी जीत दर्ज की। 8 जिलों में निर्दलीय किंगमेकर बने। इसी तरह 37 जिलों की 419 पंचायत समितियों में से कांग्रेस ने 275 में जीत दर्ज करके प्रचंड बहुमत हासिल किया। वहीं, बीजेपी को केवल 63 पंचायत समितियों में जीत मिली। वहीं, 64 पंचायत समितियां अन्य के खाते में गई। 17 में किसी दल को बहुमत नहीं मिला। 20 नवंबर को 37 जिलों के ही रिजल्ट आए हैं। कोटा, श्रीगंगानगर, बारां और करौली की काउंटिंग 17 दिसंबर को होगी।

राजस्थान पंचायत चुनाव 2026

जिला परिषद

पार्टी	जीते	पिछले नतीजे
भाजपा	06	16
कांग्रेस	27	10
अन्य	01	03
कोई दल आगे नहीं	03	00
कुल	37/37	29

*ये आंकड़े सबसे बड़ी पार्टी के हैं। पिछली बार 33 जिलों में चुनाव हुए थे, इस बार 41 में। अभी 37 जिलों में रिजल्ट आया।

राजस्थान पंचायत चुनाव 2026

पंचायत समिति

पार्टी	जीते	पिछले नतीजे
भाजपा	63	129
कांग्रेस	275	161
अन्य	64	32
कोई दल आगे नहीं	17	00
कुल	419/419	322

*ये आंकड़े सबसे बड़ी पार्टी के हैं। पिछली बार 352 पंचायत समितियों में चुनाव हुए थे, इस बार 457 में। अभी 419 पंचायत समिति के रिजल्ट आए।

अशोक गहलोत बोले-बीजेपी के जाने का समय आ गया



पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट किया है। उन्होंने लिखा कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी को पंचायत राज चुनावों में भारी जीत दिलाकर भाजपा सरकार को स्पष्ट संदेश दिया है कि अब उसके जाने का समय आ चुका है। नगर निगम चुनावों में भी कांग्रेस पार्टी ने बेहतर प्रदर्शन किया था, लेकिन भाजपा ने गुंडागर्दी के दम पर जनादेश को हड़पने का काम किया।

हम लगातार यह बात कह रहे थे कि गांवों में भाजपा के खिलाफ माहौल है। किसान, मजदूर, महिलाएं, सभी वर्ग भाजपा सरकार की उपेक्षा और वादाखिलाफी से परेशान हैं। गांवों की समस्याओं को नजरअंदाज करना भाजपा को भारी पड़ा है। मुख्यमंत्री इस जनभावना को भांप नहीं पाए और पूरी भाजपा सत्ता के मद में चूर रही। आज ग्रामीण मतदाताओं ने अपने वोट के जरिए इसका जवाब दिया है।

कांग्रेस की योजनाओं आज भी आमजन को याद आती

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई चिरंजीवी योजना सहित जनकल्याणकारी योजनाएं आज भी लोगों को याद आती हैं। सामाजिक सुरक्षा, किसानों को संबल, महिलाओं के लिए योजनाएं और आमजन को राहत देने वाले फैसलों ने लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव किया था। ग्रामीण जनता ने इन योजनाओं और उस शासनकाल की संवेदनशीलता को याद रखा है।

यह जीत कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की नीतियों पर जनता की मुहर है। इस शानदार जीत के लिए कांग्रेस पार्टी के सभी कर्मठ कार्यकर्ताओं, समस्त नेताओं और पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। कांग्रेस को समर्थन देने वाले सभी मतदाताओं का हृदय से आभार। यह जीत ग्रामीण जनता के विश्वास और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम है।

जयपुर-22 पंचायत समितियों में बीजेपी का केवल दो में बोर्ड

जिला परिषद में 41 सीट पर कांग्रेस जीती; फागी में भाजपा का खाता भी नहीं खुला

जयपुर। जयपुर जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति चुनाव में बीजेपी को करारी हार मिली है। जिला परिषद के 57 वार्ड में से भाजपा को केवल 12 सीट पर जीत मिली है। वहीं, कांग्रेस ने 41 सीट पर जीत हासिल की है। आरएलपी को 2 सीट मिली है। जयपुर जिला प्रमुख रमा चोपड़ा और उप जिला प्रमुख मोहन डागर भी चुनाव हार चुके हैं। इस बार जिला परिषद में कांग्रेस का बोर्ड बनेगा। पिछले चुनाव में बीजेपी का बोर्ड बना था। वहीं, 22 पंचायत समितियों में भी बीजेपी को करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा। बीजेपी केवल 2 सीट सांभरलेक और चौमूं में जीती हैं। शाहपुरा, झोटवाड़ा, आंधी, माधोराजपुरा में केवल 1-1 सीट मिली। वहीं फागी में अपना खाता भी नहीं खोल पाई। कांग्रेस ने 14 सीट फागी, आमेर, शाहपुरा, चाकसू, जमवारामगढ़, तुंगा, बस्सी, माधोराजपुरा, कोटखावदा, गोविंदगढ़, झोटवाड़ा, जोबनेर, किशनगढ़ रेनवाल, आंधी में बहूमत हासिल किया है। RLP एक सीट सांगानेर में अपना बोर्ड बनाएगी। 5 पंचायत समितियों अमरसर,जालसू, मौजमाबाद, रामपुरा डाबरी, दूदू में किसी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। चौमूं पंचायत समिति के वार्ड नंबर 25, दूदू पंचायत समिति के वार्ड नंबर 6 , शाहपुरा पंचायत समिति के वार्ड 6 के एक-एक बूथ पर रिजल्ट रोका गया। वहीं, जिला परिषद के वार्ड 13 और 52 में एक-एक बूथ पर पुनर्मतदान होगा।







जयपुर जिला प्रमुख पर नया चेहरा लाएगी कांग्रेस

जिला परिषद में कांग्रेस को बीजेपी से 1.14 लाख वोट ज्यादा मिले, आरएलपी को 14% वोट

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। जयपुर जिला परिषद और 22 पंचायत समितियों में से 14 में कांग्रेस ने बोर्ड बनाकर राजधानी के सियासी नरेटिव को मोड़ दिया है। कांग्रेस ने जयपुर जिला परिषद में बहुमत मिलने के बाद अब नए जिला प्रमुख के चेहरे पर मंथन शुरू कर दिया है।

कांग्रेस में जिला प्रमुख के लिए नए और युवा चेहरे को उम्मीदवार बनाने पर विचार चल रहा है। जयपुर ग्रामीण के विधायकों और प्रमुख नेताओं से राय के बाद उम्मीदवार फाइनल होगा।

जयपुर जिला परिषद और 22 पंचायत समितियों में से 14 में कांग्रेस ने बोर्ड बनाकर राजधानी के सियासी नरेटिव को मोड़ दिया है। कांग्रेस को जयपुर जिला परिषद चुनाव में भाजपा से 1.14 लाख वोट ज्यादा मिले हैं। 22 पंचायत समितियों के कुल वोटों को मिलाने पर कांग्रेस को भाजपा से 1.05 लाख वोट ज्यादा मिले हैं। हनुमान बेनीवाल की पार्टी आरएलपी ने जयपुर में एक पंचायत समिति में बोर्ड बनाने के साथ पंचायत समिति और जिला परिषद चुनावोंमें 14 फीसदी से ज्यादा वोट लेकर सियासी जानकारों को चौंका दिया है।





22 पंचायत समितियों में कांग्रेस को मिले 42.81 प्रतिशत, बीजेपी को 34.84 और आरएलपी को 14.09 प्रतिशत वोट

जयपुर की 22 पंचायत समितियों में कांग्रेस को 42.81 प्रतिशत, बीजेपी को 34.84 और आरएलपी को 14.09 प्रतिशत वोट मिले हैं। बीजेपी को कांग्रेस से 7.97 प्रतिशत कम वोट मिले हैं, इसीसे पूरा चुनाव बदल गया। 22 पंचायत समितियों में कांग्रेस को 5.67 लाख, बीजेपी को 4.61 लाख, आरएलपी को 1.86 लाख वोट मिले हैं।

जिला प्रमुख और प्रधानों में कांग्रेस आगे रहेगी, जयपुर जिले की सियासत बदलने के संकेत

इन चुनावों में दल बदल लागू नहीं होता, इसलिए सियासी तोड़फोड़ के आसार अब भी बने हुए हैं। जिन 4 पंचायत समितियों में किसी को बहमत नहीं मिला है, वहां पर जोड़तोड़ से प्रधान बनेंगे।

कांग्रेस के सामने अब दलबदल रोकने की चुनौती है, क्योंकि दलबदल कानून लागू नहीं होने के कारण ऐनवक्त पर कई जगह वार्ड मेंबर्स के पाला बदलने की संभावनाएं रहती हैं।

जानकारों के मुताबिक जयपुर जिला परिषद में अंतर बहुत ज्यादा है, इसलिए इतने बड़े पैमाने पर मौजूदा हालात में वार्ड मेंबर्स को तोड़ना संभव नहीं है। जयपुर जिले में इन परिणामों के बाद सियासी माहौल बदल गया है। इसका असर आगे भी होगा।

THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है

हिन्दी समाचार पत्र

जयपुर अपडेट

गुलाबी शहर की हर खबर

| Digital Edition |

RJHIN/25/A4779

शनिवार, 21 नवंबर, 2026

श्री रामस्नेही शिव मंदिर में 65वां अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से संपन्न

उपमहापौर सरोज रणजीत सिंह सोडाला और जयपुर के प्रथम महापौर मोहनलाल गुप्ता रहे मुख्य अतिथि, 5100 श्रद्धालुओं ने पाई अन्नकूट प्रसादी



द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। मीरा मार्ग, बनी पार्क स्थित श्री रामकुटी ट्रस्ट के श्री रामस्नेही शिव मंदिर में अन्नकूट उत्सव समिति की ओर से 65वां अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में भव्य महाआरती, आकर्षक झांकियों और भजन संध्या का आयोजन हुआ। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

मंदिर समिति के सचिव सुरेश बागड़ा ने बताया कि अन्नकूट महोत्सव के अवसर पर अन्न से शिव परिवार की अलौकिक झांकियों का श्रृंगार किया गया, जिसने भक्तों का मन मोह लिया। मंदिर परिसर में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

मंदिर कार्यकारिणी अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बाढ़दार के तत्वावधान में आयोजित महोत्सव में करीब 5100 श्रद्धालुओं को पंगत प्रसादी के रूप में अन्नकूट का भोजन कराया गया।

अतिथियों का किया सम्मान

कार्यक्रम में जयपुर नगर निगम उपमहापौर सरोज रणजीत सिंह सोडाला और जयपुर शहर के प्रथम महापौर एवं किशनपोल क्षेत्र के पूर्व विधायक मोहनलाल गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर समिति उपाध्यक्ष अशोक यादव, सचिव सुरेश बागड़ा, पुरुषोत्तम शर्मा, सतीश शर्मा, समाजसेवी महेश सैनी, प्रदीप शर्मा और महेश यादव सहित अनेक गणमान्य अतिथियों का मंदिर समिति परिवार की ओर से दुपट्टा और माला पहनाकर सम्मान किया गया।

रविवार को उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस का होगा आयोजन

जिला जयपुर प्रथम में 4164 बूथों पर 04 लाख 61 हजार 578 बच्चों को पिलाई जाएगी पोलियो की दवा



द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर प्रथम। जयपुर प्रथम जिले में 22 नवंबर, रविवार को उप-राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस आयोजित किया जाएगा। इसमे 4164 बूथों पर 04 लाख 61 हजार 578 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि अभियान के तहत जयपुर प्रथम जिले के 4164 बूथों पर 04 लाख 61 हजार 578 बच्चों (0 से 5 वर्ष तक) को पोलियो रोधी खुराक पिलाई जाएगी। इसके बाद आगामी दिवसों में घर घर जाकर बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जाएगी। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी बूथों पर प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मी, ए.एन.एम., आशा सहयोगिनी एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नियुक्त रहेंगे।

उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को बूथ पर अवश्य लाएँ और पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान को सफल बनाएं। स्वास्थ्य विभाग की सभी तैयारियाँ पूर्ण हैं और अभियान के दौरान जिला स्तरीय अधिकारी नियमित मॉनिटरिंग करेंगे।

आरसीएचओ जयपुर प्रथम डॉ. महेश चौधरी बताया कि आगामी दिवसों में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में विभाग की ओर से गठित मोबाइल टीमें घर-घर जाकर खुराक से वचिंत नौनिहालों को पोलियो की खुराक पिलायेगी। पल्स पोलियो टीकाकरण के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु क्षेत्र में 790 सुपरवाइजर नियुक्त किए गए हैं। इसके साथ ही 140 ट्रांजिक्ट टीमें और 170 मोबाईल टीमें कार्य करेंगी।

उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ली पर्यटन एवं संस्कृति परियोजनाओं की समीक्षा बैठक, 3 साल के कार्यों और आगामी आयोजनों पर किया मंथन

लोक मंथन-2026 के लिए ?20 करोड़ स्वीकृत, शेखावाटी हेरिटेज मीट 8 दिसंबर को - SASCI के 87% कार्य पूर्ण, 67 बजट घोषणाओं की समीक्षा कर दिए सुरक्षा और व्यवस्थाओं के निर्देश

द अनकवर्ड अपडेट



जयपुर। उप मुख्यमंत्री तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व मंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में तथा पर्यटन, कला एवं संस्कृति तथा पुरातत्व विभाग की शासन सचिव शुचि त्यागी एवं पर्यटन आयुक्त रुक्मणी रियाड़ की उपस्थिति में शुक्रवार को पर्यटन भवन में राजस्थान पर्यटन एवं संस्कृति परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रदेश में पर्यटन एवं सांस्कृतिक विकास को गति प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित उक्त समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों से पिछली बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन की प्रगति जानी और आगामी बजट के लिए प्रस्तावित नई योजनाओं पर विस्तार से मंथन किया। इसके साथ ही, उन्होंने आगामी पर्यटन सीजन को देखते हुए पर्यटकों की सुरक्षा और बेहतर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए।बैठक के पश्चात उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आज पर्यटन भवन में पर्यटन, कला एवं संस्कृति, पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग तथा ष्ठ्रू के अधिकारियों के साथ बजट घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रदेश में पर्यटन विकास से जुड़े महत्वपूर्ण प्रकल्पों एवं परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक धरोहरों और पर्यटन स्थलों को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने हेतु सभी परियोजनाओं के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए। हमारा संकल्प है कि राजस्थान पधारने वाले प्रत्येक पर्यटक को सुरक्षित, सुविधाजनक और अविस्मरणीय अनुभव मिले और राजस्थान पर्यटन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को स्पर्श करे।

समीक्षा बैठक में बिंदुवार चर्चा:

1. आगामी प्रमुख आयोजन एवं सम्मेलन

लोक मंथन-2026 (3 से 6 दिसंबर 2026, जवाहर कला केंद्र, जयपुर):

20 करोड़ की स्वीकृति जारी, पर्यटन विभाग नोडल विभाग।

शेखावाटी हेरिटेज मीट (8 दिसंबर 2026, खेतड़ी, झुंझुनू):

होटल अभयगढ़ में आयोजन, माननीय मुख्यमंत्री एवं उप मुख्यमंत्री शामिल होंगे। शेखावाटी हवेलियों के संरक्षण पर चर्चा और नई योजनाओं का लॉन्च प्रस्तावित।

प्रवासी राजस्थानी दिवस (10 दिसंबर 2026):

'राजस्थान2047: विरासत, नवाचार और वैश्विक अवसर' विषय पर पर्यटन सत्र, AI के उपयोग और लग्जरी पर्यटन पर चर्चा। White Paper तैयार।

अन्य सांस्कृतिक उत्सवः

जोधपुर और कोटा में संभाग स्तरीय लोक नृत्य उत्सव सम्पन्न, शेष संभागों में सरकार के 3 वर्ष पूर्ण होने के समारोह के दौरान आयोजन। वर्ष 2027 में जयपुर स्थापना के 300 वर्ष पर 'गोविंद देव जी कला महोत्सव' की कार्य योजना तैयार की जा रही है।

2. प्रमुख नीतियां एवं नई योजनाएं

राजस्थान ग्रामीण होमस्टे (पेइंग गेस्ट हाउस) सब्सिडी योजना, 2026: ड्राफ्ट वित्त विभाग के पास विचाराधीन। संशोधित ड्राफ्ट में कैपिटल सब्सिडी हटाकर ब्याज सब्सिडी, 7 वर्षों के लिए 75% स्वस्त्र प्रतिपूर्ति, और घरेलू दरों पर बिजली-पानी का प्रस्ताव।

शेखावाटी हवेली संरक्षण योजना, 2026: प्रारूप तैयार कर वित्तीय स्वीकृति हेतु वित्त विभाग को भेजा गया।

एडवेंचर टूरिज्म पॉलिसी: हितधारकों के साथ प्रारंभिक बैठक, वेबसाइट व सोशल मीडिया के माध्यम से सुझाव आमंत्रित।

फिल्म पर्यटन प्रोत्साहन योजना 2025: अब तक 4 फिल्मों को सब्सिडी जारी।

3. अवसंरचना एवं विकास परियोजनाएं (केंद्र एवं राज्य पोषित)

बजट घोषणाओं की स्थिति: कुल 67 बजट घोषणाओं में से 10 पूर्ण, 33 प्रगतिरत, 8 की स्वीकृति जारी, 15 के प्रस्ताव प्रारंभ।

SASCI प्रोजेक्ट्स (जयपुर):

आमेर-नाहरगढ़ क्षेत्र: 87% कार्य पूर्ण (10 में से 5 कार्य पूरे)। आमेर में साउंड एंड लाइट शो हेतु 13 नवंबर 2026 को अनुबंध हस्ताक्षरित। गैटोर की छतरियों का 95% कार्य पूर्ण।

स्वदेश दर्शन 2.0 योजना:

करणी माता (बीकानेर) 70%, खाटू श्यामजी (सीकर) 45%, मालासेरी डूंगरी (भीलवाड़ा) 35%, और केशोरायपाटन (बूंदी) 30% कार्य पूर्ण।

अन्य प्रमुख प्रोजेक्ट्स:

- प्रसाद (PRASAD) योजना: कोटा के बुढ़ादीत स्थित सूर्य मंदिर को चिन्हित।- कृष्ण गमन पथ एवं झुंझुनू वॉर म्यूजियम: दोनों की छक्क पर कार्य प्रगतिरत।- MICE सेंटर (जयपुर): विद्याधर नगर में आवंटित भूमि को लेकर JDA और पर्यटन विभाग के बीच समन्वय जारी।

4. ब्रांडिंग एवं RTDC सुधार

RTDC होटलों का PPP मॉडल: प्रथम चरण में 4 होटल - होटल विनायक (सवाई माधोपुर), होटल मीनल (अलवर), होटल वृंदावती (बूंदी), और होटल हवेली (फतेहपुर) को लीज पर देने हेतु PDCOR को ट्रांजेक्शन एडवाइजर नियुक्त करने का प्रस्ताव वित्त विभाग की मंजूरी हेतु भेजा गया।

प्रचार-प्रसार: ओगिल्वी (ह्रद्वद्वय14) द्वारा 7 प्रमोशनल फिल्मों के फाइनल कॉन्सेप्ट अनुमोदन हेतु प्रस्तुत।

जयपुर के जलमहल पर शौचालय सुविधा की मांग, उप महापौर सरोज कंवर ने लिखा पत्र

स्थायी शौचालय बनने तक तत्काल चल शौचालय उपलब्ध कराने की मांग, पर्यटकों की परेशानी का उठाया मुद्दा

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थल जलमहल पर सार्वजनिक शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग उठी है। नगर निगम की उप महापौर सरोज कंवर ने इस संबंध में महापौर सुनील कोठारी एवं नगर निगम आयुक्त ओम कसैरा को पत्र लिखकर जलमहल पर स्थायी सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने की मांग की है। साथ ही स्थायी व्यवस्था होने तक तत्काल चल शौचालय उपलब्ध कराने का आग्रह किया है।उप महापौर सरोज कंवर ने अपने पत्र में कहा कि आमेर रोड स्थित ऐतिहासिक जलमहल जयपुर का प्रमुख पर्यटन स्थल है। यहां देश-विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक घूमने आते हैं। इनमें महिलाएं, बच्चे और वरिष्ठ नागरिक भी शामिल होते हैं। ऐसे में सार्वजनिक शौचालय की सुविधा उपलब्ध नहीं होने से पर्यटकों को काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।उन्होंने कहा कि जलमहल पर शौचालय की व्यवस्था नहीं होने के कारण विशेष रूप से महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को परेशानी होती है। पर्यटन स्थल पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव पर्यटकों के लिए समस्या पैदा करता है। ऐसे में यहां शीघ्र शौचालय की व्यवस्था किया जाना आवश्यक है।

स्थायी निर्माण तक चल शौचालय की मांग

उप महापौर ने पत्र में मांग की है कि जलमहल पर स्थायी सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया जाए। जब तक स्थायी व्यवस्था नहीं होती, तब तक तत्काल चल शौचालय उपलब्ध कराए जाएं, ताकि पर्यटकों को राहत मिल सके।उन्होंने पर्यटकों की सुविधा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए नगर निगम प्रशासन से इस दिशा में शीघ्र आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। जलमहल जैसे ऐतिहासिक और प्रमुख पर्यटन स्थल पर शौचालय की सुविधा उपलब्ध होने से पर्यटकों को राहत मिलेगी और पर्यटन स्थल की स्वच्छता बनाए रखने में भी मदद मिलेगी।उप महापौर सरोज कंवर ने कहा कि पर्यटन स्थलों पर स्वच्छता और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता जरूरी है। जलमहल पर सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था होने से यहां आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिल सकेगी।



ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण पांच मतदान केंद्रों पर 22 नवंबर को होगा पुनर्मतदान

प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक होगा मतदान, रात्रि 9 बजे से शुरू होगी मतगणना

मतदान दल 21 नवंबर को जिला मुख्यालय से होंगे रवाना

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। पंचायतीराज संस्थाओं के आम चुनाव के तहत मतगणना के दौरान ईवीएम में तकनीकी खराबी के कारण परिणाम प्रदर्शित नहीं होने पर राज्य निर्वाचन आयोग ने जयपुर जिले के पांच मतदान केंद्रों पर पुनर्मतदान करवाने के आदेश जारी किए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि जिला परिषद् के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 13 के बूथ संख्या 60 (राउमावि, नांगल सिरस) एवं निर्वाचन क्षेत्र संख्या 52 के बूथ संख्या 81 (राउमावि, अचरोल क.न. 1), पंचायत समिति दूदू के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 06 के बूथ संख्या 62 (राउमावि, साखुन क.न. 1), पंचायत समिति शाहपुरा के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 06 के बूथ संख्या 34 (मगारावि बिशनगढ क.न. 3) तथा पंचायत समिति चौमूं के निर्वाचन क्षेत्र संख्या 25 के बूथ संख्या 142 (राउमावि, लोहरवाड़ा क.न. 13) पर पुनर्मतदान करवाया जाएगा।उन्होंने बताया कि राजस्थान पंचायतीराज (निर्वाचन) नियम, 1994 के नियम 48ए में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राज्य निर्वाचन आयोग ने उक्त मतदान केंद्रों पर पूर्व में हुए मतदान को शून्य (ड्डथद्वस्र) घोषित किया है। इन सभी मतदान केंद्रों पर रविवार, 22 नवंबर 2026 को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक पुनर्मतदान करवाया जाएगा। मतदान समाप्ति के पश्चात उसी दिन रात्रि 9 बजे से मतगणना प्रारंभ होगी।उन्होंने बताया कि पुनर्मतदान के लिए मतदान दल शनिवार, 21 नवंबर 2026 को जिला मुख्यालय से संबंधित मतदान केंद्रों के लिए रवाना होंगे। जिला परिषद सदस्यों के लिए मतगणना जिला मुख्यालय पर तथा पंचायत समिति सदस्यों के लिए मतगणना संबंधित पंचायत समिति मुख्यालयों पर राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न करवाई जाएगी।जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित मतदान केंद्रों के मतदाताओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर पुनर्मतदान में भाग लें तथा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अपनी सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें।

पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य के लिए, दिसंबर के प्रथम सप्ताह से ऑनलाइन प्रोग्राम

मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ लेंगे ऑनलाइन कक्षाएं

कार्यक्रम के प्रभाव का होगा वैज्ञानिक विश्लेषण

डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल के साथ की अहम बैठक

तनाव प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य और कार्यक्षमता बढ़ाने पर रहेगा विशेष फोकस

द अनकवर्ड अपडेट



जयपुर। राजस्थान पुलिसकर्मियों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए दिसंबर के प्रथम सप्ताह से मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी (यूके) के सहयोग से ऑनलाइन प्रोग्राम शुरू किया जाएगा। इसके तहत यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञ पुलिसकर्मियों के लिए मानसिक स्वास्थ्य संबंधी ऑनलाइन कक्षाएं लेंगे। इसके बाद प्राप्त परिणामों का वैज्ञानिक विश्लेषण किया जाएगा। इससे पुलिसकर्मियों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को समझने और उनकी कार्यक्षमता में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाने में मदद मिलेगी।इस संबंध में शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सभागार में महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा की यूनिवर्सिटी ऑफ मैनचेस्टर के प्रतिनिधिमंडल के साथ महत्वपूर्ण बैठक हुई। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व ग्लोबल मेंटल हेल्थ रिसर्च के प्रोफेसर विमल कुमार शर्मा ने किया। बैठक में 28 जुलाई, 2026 को राजस्थान पुलिस अकादमी और मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी के बीच हुए एमओयू के क्रियान्वयन तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।डीजीपी श्री शर्मा ने कहा कि प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के साथ यह साझेदारी राजस्थान पुलिस के लिए महत्वपूर्ण पहल है। राजस्थान पुलिस के व्यापक अनुभव एवं उपलब्ध डेटा तथा विश्वविद्यालय की शोध विशेषज्ञता के समन्वय से पुलिसिंग, पुलिस कल्याण, मानसिक स्वास्थ्य और प्रशिक्षण के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित होंगे। इससे पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की विशेषज्ञता और वैज्ञानिक शोध का लाभ मिलेगा।श्री शर्मा ने कहा कि इस सहयोग के तहत पुलिसकर्मियों के लिए डिस्टेंस लर्निंग, सर्टिफिकेट कोर्स, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन प्रशिक्षण, सेमिनार, कार्यशालाओं और विशेषज्ञ व्याख्यानों के अवसर भी विकसित किए जाएंगे। मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन, सामाजिक देखभाल एवं स्वास्थ्य विज्ञान के क्षेत्र में संयुक्त शोध से पुलिस कल्याण की भावी योजनाओं को भी नई दिशा मिलेगी।बैठक में मैनचेस्टर यूनिवर्सिटी से प्रो. कीथ ब्रेनन, प्रो. कैथरीन ए. रॉबिन्सन, प्रो. लूसी बर्न-डेविस, डॉ. इंगो शिसल, हेलेन हॉथॉर्न एवं डॉ. महेश एम. ओडियूर शामिल हुए। राजस्थान पुलिस की ओर से अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध शाखा) श्री बिपिन कुमार पाण्डेय, अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस श्री आलोक कुमार वशिष्ठ तथा उप महानिरीक्षक पुलिस (प्रशिक्षण) श्री शरद चौधरी उपस्थित रहे।

जयपुर में पर्यटकों को परेशान करने वाले 6 लपके पकड़े:पुलिस ने विशेष अभियान के तहत 15 अन्य असामाजिक तत्वों पर भी की कार्रवाई, 5 पर केस



द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। जयपुर में पर्यटकों को परेशान करने और पर्यटन स्थलों पर अव्यवस्था फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस ने विशेष अभियान चलाया। कार्रवाई में 6 लपके पकड़े गए, जबकि 15 अन्य असामाजिक तत्वों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। 5 मुकदमे दर्ज किए गए। इस तरह पुलिस अब तक कुल 21 लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है।

दरअसल, गुलाबी नगरी में देशी-विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर जयपुर पुलिस ने विशेष अभियान शुरू किया है। 17 से 23 नवंबर तक चलाए जा रहे इस अभियान में पर्यटकों के साथ अभद्रता, दुर्व्यवहार और उन्हें परेशान करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

जयपुर आने वाले देशी-विदेशी टूरिस्ट की सुरक्षा है उद्देश्य

डीसीपी नॉर्थ करण शर्मा ने बताया कि पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर माणकचौक, ब्रह्मपुरी, आमेर और पर्यटक थाना पुलिस की ओर से संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य जयपुर आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों को सुरक्षित और भयमुक्त माहौल उपलब्ध कराना है। 17 से 23 नवंबर तक चलाए जा रहे इस अभियान में पर्यटकों के साथ अभद्रता, दुर्व्यवहार और उन्हें परेशान करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

17 से 23 नवंबर तक चलाए जा रहे इस अभियान में पर्यटकों के साथ अभद्रता, दुर्व्यवहार और उन्हें परेशान करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है।

पर्यटन स्थलों पर बढ़ाई पुलिस गश्त

अभियान के तहत जयपुर के प्रमुख पर्यटन स्थलों, बाजारों और ऐतिहासिक धरोहरों के आसपास पुलिस की गश्त और निगरानी व्यवस्था मजबूत की गई है। पुलिस टीमें ऐसे लोगों पर नजर रख रही हैं, जो पर्यटकों को परेशान करते हैं या उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं।

इन 6 लपकों को किया गिरफ्तार

पुलिस ने 5 मामले दर्ज कर जिन 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान मुमून निवासी लेखराज नगर, जयसिंहपुरा खोर, साजिद खान निवासी मेहंदी नगर, आमेर, मनोज कुमार सिंधी निवासी नंद वाटिका, कुंड रोड, आमेर, सानू निवासी रामगंज बाजार, अकील निवासी अमृतपुरी, घाटगेट और पिंटू कुमार निवासी बिजनौर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है।

बासी मैगी खाने से 7 साल की मासूम की मौत; उल्टी होने से बड़ी बहन बची



द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। करधनी इलाके में सुबह बनी मैगी दोपहर में दोबारा गर्म कर खाना दो बहनों के लिए जानलेवा साबित हुआ। 7 साल की पीहू की मौत हो गई, जबकि 18 वर्षीय बड़ी बहन दिव्यांशी की उल्टियां होने से जान बच गई। दोनों ने मैगी खाने के बाद सो गई थीं। शाम को जगाने पर पीहू बेसुध मिली। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 10 बजे पीहू के भाई ने दुकान से मैगी का पैकेट लाकर बनाई थी। वह खुद खाने के बाद बाहर चला गया और बची मैगी गैस पर ही छोड़ दी। दोपहर में स्कूल से लौटी दिव्यांशी और पीहू ने उसे दोबारा गर्म कर खाया। कुछ देर बाद दिव्यांशी को उल्टियां शुरू हो गई।

राजस्थान में सर्दी हुई तेज, फतेहपुर में पारा 5.5°C10 से ज्यादा शहरों में रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे, सर्द हवा से बढ़ी ठिठुरन

द अनकवर्ड अपडेट



जयपुर। उत्तर भारत से चल रही सर्द हवा ने राजस्थान में सर्दी तेज कर दी है। शुक्रवार को राजस्थान के 10 से ज्यादा शहरों में तापमान सिंगल डिजिट यानी 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। फतेहपुर (सीकर) में पारा 5.5 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। सर्द हवा के कारण सुबह-शाम ठिठुरन बढ़ गई। लोग अब घरों से गर्म कपड़े पहनकर निकलने लगे हैं। मौसम विभाग ने राज्य में अगले एक सप्ताह आसमान साफ रहने और इसी तरह की सर्दी रहने का अनुमान जताया है।

पिछले 24 घंटे का मौसम देखें तो राज्य के सभी शहरों में आसमान साफ रहा। सुबह से देर शाम तक धूप रही। सर्द हवा के कारण अधिकांश शहरों के अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट हुई।

बाड़मेर, श्रीगंगानगर, पाली को छोड़कर सभी शहरों में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान बाड़मेर में 31.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

जयपुर में बिना सत्यापन संचालित पेट्रोल पंप पर कार्रवाई, प्रदेशभर में 179 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण; 21 नोजल सीज, 1.99 लाख रूपये का जुर्माना

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। उपभोक्ताओं को पेट्रोल एवं डीजल की निर्धारित मात्रा सुनिश्चित कराने तथा माप में अनियमितताओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से माननीय मंत्री श्री सुमित गोदारा (उपभोक्ता मामले विभाग) के निर्देशानुसार विधिक मापविज्ञान प्रकोष्ठ द्वारा प्रदेशभर में पेट्रोल पंपों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत दिनांक 16 नवम्बर 2026 से 18 नवम्बर 2026 तक जयपुर सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण किया गया।

जयपुर में बिना वैध सत्यापन संचालित पेट्रोल पंप पर कार्रवाई

जयपुर जिले में अभियान के दौरान श्री कृष्णा पेट्रोलियम, दूदू, चौधरी सर्विस स्टेशन, चाकसू तथा गोपाल पेट्रोलियम, चाकसू का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान श्री कृष्णा पेट्रोलियम, दूदू का संचालन बिना वैध सत्यापन के किया जाना पाया गया। उक्त पेट्रोल पंप का अंतिम सत्यापन निर्धारित अवधि तक ही वैध था तथा वैध सत्यापन के बिना पेट्रोल पंप का संचालन किया जा रहा था। इस पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए पेट्रोल पंप के नोजल सीज किए गए।

इसके अतिरिक्त चौधरी सर्विस स्टेशन एवं गोपाल पेट्रोलियम, चाकसू पर जांच के दौरान चार नोजलों से प्रत्येक 5 लीटर पेट्रोल की आपूर्ति पर लगभग 5 मिलीलीटर कम मात्रा देना पाया गया। इस पर संबंधित नोजलों को सीज कर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

जयपुर जिले में अभियान के दौरान कुल 33 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न अनियमितताओं के संबंध में कुल 44,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।



अन्य जिलों में भी सख्त कार्रवाई

अजमेर: तीन पेट्रोल पंपों पर चार नोजलों से प्रत्येक 5 लीटर पेट्रोल/डीजल की आपूर्ति पर 27 से 30 मिलीलीटर तक कम मात्रा देना पाया गया। चार नोजल सीज कर 41,000 रूपये का जुर्माना लगाया गया।

उदयपुर: दो पेट्रोल पंपों पर दो नोजलों से प्रत्येक 5 लीटर पेट्रोल की आपूर्ति पर लगभग 30 मिलीलीटर कम मात्रा देना पाया गया। दो नोजल सीज कर ?20,000 का जुर्माना लगाया गया।

जोधपुर: दो पेट्रोल पंपों पर पांच नोजलों से प्रत्येक 5 लीटर पेट्रोल की आपूर्ति पर लगभग 30 मिलीलीटर कम मात्रा देना पाया गया। पांच नोजल सीज कर ?20,000 का जुर्माना लगाया गया।

दौसा: सूर्या फिलिंग स्टेशन, गढ़ दौसा पर एक नोजल से प्रत्येक 5 लीटर पेट्रोल की आपूर्ति पर लगभग 30 मिलीलीटर कम मात्रा देना पाया गया। एक नोजल सीज कर ?10,000 का जुर्माना लगाया गया।

पाली: भाटी हिंदुस्तान पेट्रोलियम पर एक नोजल से प्रत्येक 5 लीटर पेट्रोल की आपूर्ति पर लगभग 30 मिलीलीटर कम मात्रा देना पाया गया। एक नोजल सीज कर ?10,000 का जुर्माना लगाया गया।

प्रदेशभर में 179 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण

अभियान के दौरान प्रदेशभर में कुल 179 पेट्रोल पंपों का निरीक्षण किया गया। अनियमितताएं पाए जाने पर 12 पेट्रोल पंपों के कुल 21 नोजल सीज किए गए तथा कुल ?1,99,000 का जुर्माना लगाया गया।

विधिक मापविज्ञान प्रकोष्ठ द्वारा स्पष्ट किया गया है कि पेट्रोल एवं डीजल की बिक्री में निर्धारित मात्रा से कम आपूर्ति तथा बिना वैध सत्यापन के पेट्रोल पंपों का संचालन गंभीर अनियमितताएं हैं। उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए ऐसे प्रतिष्ठानों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। प्रदेशभर में पेट्रोल पंपों का औचक निरीक्षण अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 का शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग ने किया निरीक्षण

वीडियो कॉल के जरिए परिवादियों से सीधा संवाद, जीएसटी, स्टाम्प व रिफंड प्रकरणों पर हुई जनसुनवाई

–आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी व संवेदनशील समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश

–जनहित के प्रकरणों में विलंब करने वाले जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी– शासन सचिव, वित्त विभाग

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप आमजन की समस्याओं के त्वरित, पारदर्शी और संवेदनशील समाधान के लिए वित्त (राजस्व) विभाग पूरी सजगता के साथ कार्य कर रहा है। इसी क्रम में शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग ने शुक्रवार को राजस्थान संपर्क पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 181 का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वाणिज्यिक कर (जीएसटी), पंजीयन एवं मुद्रांक तथा आबकारी विभाग से जुड़ी आमजन की शिकायतों की गहन समीक्षा की और वीडियो कॉल के माध्यम से परिवादियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं।

शासन सचिव श्री कुमारपाल गौतम ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि विभागीय कार्यों, राजस्व अर्जन एवं नियमों की पालना में किसी भी स्तर पर कोताही नहीं बरती जाए। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े प्रकरणों, विशेषकर वित्तीय रिफंड और नागरिक सेवाओं में अनावश्यक विलंब करने वाले दोषी कार्मिकों के विरुद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

ई-ग्रास चालान व रिफंड प्रकरणों में नियमानुसार समाधान-



जनसुनवाई के दौरान श्री गौतम ने पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग के प्रकरणों में जयपुर के परिवादी जगराम मीणा द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से स्टाम्प ड्यूटी जमा करवाए जाने के बावजूद उसे पंजीयन कार्यालय द्वारा स्वीकार करने में आ रही समस्या का विश्लेषण किया गया। इस पर शासन सचिव द्वारा स्पष्ट किया गया कि वित्त विभाग के 13 दिसंबर 2023 के आदेशानुसार एक कार्यालय के नाम जारी चालान का उपयोग विभाग के किसी भी संबंधित कार्यालय में किया जा सकता है। उन्होंने डीआईजी (स्टाम्प), जयपुर-III को दोषी कार्मिकों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए।

वहीं उदयपुर के परिवादी नरेंद्र कुमार के स्टाम्प ड्यूटी रिफंड का प्रकरण कई वर्षों से लंबित होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने डीआईजी (स्टाम्प), उदयपुर को जिम्मेदार अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने और परिवादी को अविलंब राहत पहुंचाने के निर्देश दिए।

वाणिज्यिक कर एवं आबकारी प्रकरणों का त्वरित निस्तारण-

वाणिज्यिक कर विभाग के तहत परिवादी राकेश कुमार एवं प्रवीण प्रजापत की शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए शासन सचिव ने संबंधित उपायुक्तों को फाइलों का समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। साथ ही आबकारी विभाग से संबंधित हनुमानगढ़ के परिवादी लक्ष्मण की निर्धारित समय-सीमा के उल्लंघन संबंधी शिकायत पर की गई त्वरित कार्रवाई की भी समीक्षा की गई। इस पर परिवादी ने समाधान पर संतोष व्यक्त किया।

जन-विश्वास का सेतु है संपर्क पोर्टल-

शासन सचिव ने कहा कि राजस्थान संपर्क पोर्टल 181 राज्य सरकार और जनता के बीच विश्वास का मजबूत सेतु है। उन्होंने निर्देश दिए कि पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक परिवाद को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आमजन को समय पर राहत दी जाए, ताकि आमजन को सरकारी दफ्तरों के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

जयपुर की सड़कों पर निकली 5403 बारातें:शुभ-मंगल; एकादशी के अबूझ मुहूर्त में 1 ही दिन में हुई प्रदेशभर में 40 हजार से अधिक शादियां

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। चार महीने के बाद शुक्रवार को देवउठनी एकादशी के अबूझ सावे के साथ ही प्रदेशभर में शादियों का महाकुंभ शुरू हो गया है। नवंबर और दिसंबर के 10 प्रमुख सावों में प्रदेशभर में करीब 4 लाख 56601 शादियां होने जा रही हैं। शुक्रवार को पहले ही दिन देवउठनी एकादशी के अबूझ मुहूर्त में जयपुर शहर में करीब 5403 और जिले के ग्रामीण इलाकों को मिलाकर 7575 शादियां हुई, जबकि प्रदेश में यह आंकड़ा 40 हजार के पार रहा। शादियों की इस जबरदस्त बहार से वेडिंग इंडस्ट्री से जुड़े छोटे-बड़े सभी कारोबारों में बूम आ गया है। नवंबर-दिसंबर के 10 सावों के लिए जयपुर के सभी 1400 विवाह स्थल और करीब 129 रिसॉर्ट्स में 90 फीसदी तक बुकिंग फुल हो चुकी हैं। विवाह स्थल समारोह समिति संरक्षक मोहनलाल अग्रवाल का कहना है कि इन दो महीनों के सभी सावे के लिए लाइट, फूल, घोड़ी, बैंड-बाजा, लवाजमा, डीजे साउंड, एलईडी वॉल, ब्यूटी पार्लर, टैक्सी



कारें, इवेंट फोटोग्राफर, ऑर्केस्ट्रा, कैटरिंग और हलवाइयों के पास 5 से 6 महीने पहले ही 90% तक एडवांस बुकिंग हो चुकी। भारी डिमांड के चलते बैंड और घोड़ी वालों को एक ही रात में दो से तीन शादियों की बुकिंग निपटानी पड़ी।

प्रदेश में 18 हजार गार्डन और 700 रिसॉर्ट, अधिकांश फुल

4,56,601 शादियां नवंबर-दिसंबर महीन में प्रदेश में होगी। इसके लिए बुकिंग हो गई है।

देवउठनी एकादशी: जयपुर शहर में 5,403, जिले में 7,575 और प्रदेशभर में 40,000 से अधिक शादियां।

विवाह स्थलों का गणित: जयपुर में 1400 मैरिज गार्डन व 129 रिसॉर्ट्स; प्रदेश में करीब 18 हजार गार्डन व 700 रिसॉर्ट्स। इंडस्ट्री का मीटर: गार्डन, कैटरिंग, हलवाई, ब्यूटी पार्लर व बैंड-घोड़ी की 90% बुकिंग फुल। 12 दिसंबर तक 10 प्रमुख सावे: 16 दिसंबर से खरमास शुरू होने से पहले 10 सावों पर शहर में रौनक और शाम को बारातों से ट्रैफिक दबाव रहेगा। नवंबर (4 सावे) : 21, 24, 25, 26। दिसंबर (6 सावे): 2, 3, 4, 5, 11, 12। एक्सपर्ट्स: रवि जिंदल (राष्ट्रीय अध्यक्ष, ऑल इंडिया टेंट डेकोरेटर वेलफेयर एसोसिएशन), मोहनलाल अग्रवाल व भवानी शंकर माली (विवाह स्थल समारोह समिति)।

युवाओं को शिक्षित बनाना और समाज को नशामुक्त करना राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी आवश्यकता - राज्यपाल

सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होकर 116 नवदंपतियों को दिया सुखी वैवाहिक जीवन का मंत्र



द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर/भरतपुर। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने शुक्रवार को भरतपुर जिले के रूपवास क्षेत्र में बॉकाली मोड़ स्थित मां केला देवी स्टोन क्रेशर परिसर में आयोजित 116 बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने बगलामुखी राष्ट्र रक्षा महायज्ञ की पूर्णाहुति कार्यक्रम में भी भाग लिया।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल श्री बागडे ने कहा कि 116 बेटियों का सामूहिक विवाह उत्सव सामाजिक समरसता, सहयोग और सेवा भावना का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने इस आयोजन को युवा महोत्सव की संज्ञा देते हुए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से मुस्कान के पिता एवं अन्य आयोजकों के उस निर्णय की प्रशंसा की, जिसके तहत अपनी बेटी का विवाह भव्य सामूहिक आयोजन में कर गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग का अनुकरणीय संदेश दिया गया।

राज्यपाल ने शिक्षा को व्यक्ति, परिवार और राष्ट्र की प्रगति का आधार बताते हुए कहा कि विवाह समारोहों में होने वाली अनावश्यक फिजूलखर्ची पर रोक लगाकर उस धनराशि को बच्चों की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर खर्च किया जाना चाहिए। बेटे-बेटियों को अच्छी शिक्षा और संस्कार देकर इस योग्य बनाएं कि वे भविष्य में रोजगार, उद्योग एवं अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़कर आत्मनिर्भर बन सकें तथा देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। उन्होंने कहा कि शिक्षित और संस्कारवान युवा ही सशक्त समाज एवं विकसित राष्ट्र की मजबूत नींव हैं।

राज्यपाल ने भारतीय संस्कृति में विवाह को महत्वपूर्ण संस्कार बताते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का भी मिलन है। उन्होंने शादियों में दिखावे और अनावश्यक खर्च से बचने तथा सादगीपूर्ण आयोजनों को प्रोत्साहित करने की अपील की। नवदंपतियों को सुखी वैवाहिक जीवन का मंत्र देते हुए राज्यपाल ने कहा कि दांपत्य जीवन में आपसी समझ, प्रेम, विश्वास और धैर्य का विशेष महत्व है। यदि पति-पत्नी में से किसी एक को क्रोध आए तो दूसरे को शांत रहकर परिस्थिति को संभालना चाहिए। इससे परिवार में प्रेम और सौहार्द बना रहता है। उन्होंने सभी 116 नवदंपतियों के सुखी, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

राज्यपाल श्री बागडे ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि नशा युवा पीढ़ी की क्षमता, प्रतिभा और भविष्य को बर्बाद कर रहा है। उन्होंने पड़ोसी देश की ओर से मादक पदार्थों के माध्यम से भारतीय युवाओं को कमजोर करने के प्रयासों के प्रति सतर्क रहने की आवश्यकता जताई। उन्होंने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, बुजुर्गों और युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने गांव, मोहल्ले और आसपास के क्षेत्र को नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करें। परिवार, समाज और सामाजिक संगठनों को आगे आकर युवाओं को नशे से दूर रखने तथा उन्हें शिक्षा, खेल और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने का संकल्प लेना चाहिए।

बिना लाइसेंस चल रहे स्पा सेंटर पर पुलिस की रेड:जयपुर में दो दिन पहले ही खुला था, 3 गिरफ्तार



द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। जयपुर के सी-स्कीम इलाके में बिना लाइसेंस संचालित स्पा सेंटर के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। अशोक नगर थाना पुलिस और डीएसटी साउथ की संयुक्त टीम ने गोपाल टावर स्थित NICO थाई स्पा पर छापा मारकर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

डीसीपी साउथ राजर्षि राज ने बताया कि शुक्रवार अशोक नगर थाना पुलिस और डीएसटी साउथ की टीम ने गोपाल टावर, कृष्णा मार्ग, सी-स्कीम स्थित NICO थाई स्पा पर दबिश दी। स्पा सेंटर दो दिन पहले ही खोला गया था।

संचालक और दो कर्मचारी गिरफ्तार

पुलिस ने कार्रवाई के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनमें स्पा सेंटर का संचालक और दो कर्मचारी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान स्पा सेंटर का संचालक विनोद गुर्जर (26) निवासी तुलसीपुरा, थाना स्टेशन मुरैना, मध्यप्रदेश, स्पा सेंटर का कर्मचारी सर्वेश कुमार आर्य (30) निवासी तुलसीपुरा, थाना स्टेशन मुरैना, मध्यप्रदेश और सत्यवीर (23) निवासी ग्राम भैसोरा, जिला मुरैना, मध्यप्रदेश के रूप में हुई है।

पुलिस की अवैध स्पा सेंटरों पर नजर

पुलिस ने बताया कि बिना लाइसेंस संचालित स्पा सेंटर के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

लेटलतीफ RSAHC साल का पैरामेडिकल डिप्लोमा 4 साल में भी अधूरा, 8 हजार युवाओं का रोजगार अटका, भर्ती मौके भी छूट रहे

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। कोरोना के दौरान प्रभावित पढ़ाई का खामियाजा प्रदेश के 8 हजार पैरामेडिकल विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। मेडिकल लैब टेक्नीशियन, रेडिएशन टेक्नोलॉजी, ऑप्थेल्मिक असिस्टेंट और ईसीजी जैसे दो वर्षीय डिप्लोमा कोर्स 4 साल बाद भी पूरे नहीं हो पाए हैं। राजस्थान स्टेट एलाइड एंड हेल्थ केयर काउंसिल की परीक्षा व्यवस्था में देरी के चलते ऐसा हुआ। ऐसे में सरकारी भर्तियों में योग्यता पूरी नहीं होने से युवा आवेदन नहीं कर पा रहे हैं।

सम्पादकीय

वंतारा से गौ सेवा तक अनंत अंबानी की मानवीय सेवा यात्रा

आज जब दुनिया व्यापार को प्रायः लाभ, प्रतिस्पर्धा, विस्तार और बाजार की भाषा में परिभाषित करती है, तब अनंत अंबानी का व्यक्तित्व इस स्थापित धारणा के सामने एक अलग प्रश्न खड़ा करता है-क्या बड़ी आर्थिक सफलता के साथ बड़ी मानवीय संवेदना भी संभव है? क्या अरबों-खरबों की व्यावसायिक दुनिया में करुणा, जीवदया, सेवा और पर्यावरण-संरक्षण केवल सामाजिक उत्तरदायित्व के औपचारिक शब्द रहेंगे या वे जीवन-दर्शन का हिस्सा बन सकते हैं? अनंत अंबानी की गतिविधियाँ इस प्रश्न का एक सकारात्मक उत्तर देती दिखाई देती हैं। रिलायंस इंडस्ट्रीज और रिलायंस फाउंडेशन से जुड़े अनंत अंबानी आज केवल व्यापारिक उत्तराधिकारी के रूप में नहीं, बल्कि पशु कल्याण, जीवदया और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना रहे हैं। उनकी सबसे चर्चित पहल 'वंतारा'-स्टार ऑफ द फॉरेस्ट है, जो गुजरात के जामनगर में लगभग 3,500 एकड़ क्षेत्र में विकसित पशु बचाव, उपचार, पुनर्वास और संरक्षण का विशाल केंद्र है। हाल ही में केरल की 18 महीने की बीमार और घायल नन्हीं हथिनी 'माया' की जान बचाने के लिए उसे एयरलिफ्ट कराकर जामनगर स्थित अपने वन्यजीव पुनर्वास केंद्र वंतारा में भर्ती कराया है। रिलायंस फाउंडेशन के अनुसार वंतारा में 1.5 लाख से अधिक पशुओं और 2,000 से अधिक प्रजातियों की देखभाल की जा रही है तथा इसके लिए हजारों विशेषज्ञों, पशु चिकित्सकों और देखभालकर्ताओं की टीम कार्यरत है। लेकिन अनंत अंबानी की चर्चा केवल वंतारा तक सीमित नहीं है। हाल में उनके गौसेवा संबंधी वक्तव्य ने देश का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया। एक वायरल वीडियो में उन्होंने लगभग नौ लाख गायों की देखभाल से जुड़े होने की बात कही, जिनमें करीब सात लाख गायें ऐसी बताई गईं जो दूध नहीं देतीं या आर्थिक दृष्टि से उपयोगी नहीं हैं। उन्होंने घायल एवं संकटग्रस्त गायों के बचाव के लिए लगभग 100 एम्बुलेंस और आठ राज्यों में सक्रिय बचाव-व्यवस्था का भी उल्लेख किया। यहीं अनंत की सोच का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष सामने आता है। जो पशु दूध नहीं देता, जिसकी आर्थिक उपयोगिता समाप्त हो गई है, क्या उसका जीवन भी कम मूल्यवान हो जाता है? बाजार की सामान्य मानसिकता शायद इस प्रश्न का उत्तर उपयोगिता से देगी, लेकिन जीवदया की भारतीय परंपरा इसका उत्तर अस्तित्व के सम्मान से देती है।अनंत अंबानी की गौसेवा की चर्चा इसी बिंदु पर एक व्यापक सामाजिक विमर्श को जन्म देती है-किसी जीव का मूल्य उसकी उत्पादकता से नहीं, उसके जीवन से तय होना चाहिए। यह विचार आधुनिक अर्थव्यवस्था के लिए भी महत्वपूर्ण है। व्यापार की सफलता का अर्थ केवल अधिक उत्पादन और अधिक लाभ नहीं होना चाहिए, उसके साथ यह प्रश्न भी जुड़ना चाहिए कि उस सफलता से समाज, प्रकृति और जीव-जगत को क्या मिला। यदि पूंजी संवेदना से जुड़ती है, तकनीक करुणा के साथ चलती है और उद्योग पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी बनता है, तो व्यापार केवल आर्थिक संस्था नहीं रहता, वह सामाजिक परिवर्तन का माध्यम बन सकता है। अनंत अंबानी की दिनचर्या से जुड़ी बातें भी इसी संवेदनशीलता की ओर संकेत करती हैं। उन्होंने बताया है कि घर से निकलने से पहले वे गायों की मालिश करते हैं और उनके घर में छह गायें हैं।

क्या खास है सोनिया की किताब में?

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की शीर्ष नेता श्रीमती सोनिया गांधी की लिखी किताब चर्चा में है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की किताब का नाम 'बिलॉन्गिंग : ए जर्नी ऑफ लव' है। यह किताब 10 नवंबर 2026 को रिलीज हुई है। यह किताब उनका निजी संस्मरण है, जिसमें उनके निजी जीवन, इटली से भारत आने, राजीव गांधी से शादी, परिवार और भारतीय राजनीति के विभिन्न दौरों का जिक्र है। यह किताब करीब 544 से 549 पन्नों की है। किताब के प्रकाशन के बाद इसमें दिए गए कुछ तथ्यों, तारीखों और राजनीतिक प्रसंगों को लेकर राजनीतिक गलियारों और मीडिया में काफी चर्चा और बहस देखने को मिली है। अपने समकालीन राजनीतिक धुरंधरों के बारें में भी उन्होंने कुछ खास लिखा है।



भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की शीर्ष नेता श्रीमती सोनिया गांधी की लिखी किताब चर्चा में है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी की किताब का नाम 'बिलॉन्गिंग : ए जर्नी ऑफ लव' है। यह किताब 10 नवंबर 2026 को रिलीज हुई है। यह किताब उनका निजी संस्मरण है, जिसमें उनके निजी जीवन, इटली से भारत आने, राजीव गांधी से शादी, परिवार और भारतीय राजनीति के विभिन्न दौरों का जिक्र है। यह किताब करीब 544 से 549 पन्नों की है। किताब के प्रकाशन के बाद इसमें दिए गए कुछ तथ्यों, तारीखों और राजनीतिक प्रसंगों को लेकर राजनीतिक गलियारों और मीडिया में काफी चर्चा और बहस देखने को मिली है। अपने समकालीन राजनीतिक धुरंधरों के बारें में भी उन्होंने कुछ खास लिखा है। श्रीमती सोनिया गांधी ने अमित शाह पर किताब में एक छोटा सा चैप्टर लिखा है। वो लिखती हैं कि मोदी जी को वो विरोधी मानती हैं, लेकिन शाह को वो राजनीति का सबसे खतरनाक खिलाड़ी मानती हैं। सोनिया गांधी लिखती हैं कि अमित शाह की राजनीति को समझना बहुत मुश्किल है, क्योंकि वो कभी सामने नहीं आते, वो हमेशा पर्दे के पीछे से खेल खेलते हैं। सोनिया गांधी आगे लिखती हैं कि एक बार संसद में शाह उनसे मिले थे। शाह ने कहा था, सोनिया जी, आपने बहुत लंबी पारी खेली है। उन्होंने उस दिन शाह को जवाब दिया था, पारी अभी खत्म नहीं हुई है, शाह जी। उस दिन शाह हंस दिए थे और कहा थाज्यही तो मैं चाहता हूं, लड़ाई में मजा तभी आता है जब सामने वाला मजबूत हो। सोनिया गांधी ने किताब में एक और बड़ा खुलासा किया है। वो लिखती हैं कि जब कश्मीर से धारा 370 हटाई गई तो वो पूरी रात सो नहीं पाई थीं। उन्हें लगा था कि ये फैसला देश को तोड़ देगा। लेकिन अगले दिन जब शाह ने संसद में पूरी ताकत से उस फैसले का बचाव किया तो सोनिया गांधी लिखती हैं कि उन्हें लगा था कि ये आदमी डरता नहीं है। वो लिखती हैं कि मुझे शाह जी के फैसले से असहमति है, लेकिन उनकी हिम्मत से इनकार नहीं कर सकती। सोनिया गांधी लिखती हैं कि शाह की एक आदत उन्हें सबसे ज्यादा डराती है, वो है उनका हिसाब रखना। वो लिखती हैं कि शाह हर बूथ, हर गांव, हर कार्यकर्ता का नाम याद रखते हैं। सोनिया गांधी लिखती हैं कि कांग्रेस इसी वजह से हारी, क्योंकि कांग्रेस ने बूथ छोड़ दिया और शाह ने बूथ पकड़ लिया। आखिर में सोनिया गांधी ने लिखा है कि शाह से उन्हें नफरत नहीं है, उन्हें सबक मिला है। वो लिखती हैं कि अगर कांग्रेस को वापस आना है तो उसे शाह जैसी मेहनत करनी पड़ेगी, सिर्फ गांधी नाम से नहीं होगा। क्या यह सोनिया गांधी का अपने संगठन के लोगों के लिए स्पष्ट निर्देश नहीं है? सोनिया गांधी लिखती हैं, मोदी जी दिल जीतते हैं, शाह चुनाव जीतते हैं। मोदी जी पर सोनिया ने किताब में सबसे लंबा चैप्टर लिखा है। वो लिखती हैं कि मोदी से उनका रिश्ता कभी व्यक्तिगत दुश्मनी का नहीं रहा, लेकिन विचारों की लड़ाई हमेशा रही। जब मोदी जी प्रधानमंत्री बने तो उन्होंने सोनिया जी को एक चिट्ठी लिखी थी। उस चिट्ठी में मोदी जी ने लिखा था कि हम विचारों में अलग हो सकते हैं, लेकिन देश के लिए हमें साथ काम करना चाहिए। सोनिया लिखती हैं कि उन्होंने उस चिट्ठी का जवाब नहीं दिया, क्योंकि उन्हें लगा था कि ये सिर्फ एक औपचारिकता है। लेकिन बाद में जब मोदी संसद में उनसे मिले तोज्उन्होंने हंसकर कहा था, सोनिया जी, आप नाराज हैं क्या। सोनिया गांधी लिखती हैं कि उस दिन उन्होंने पहली बार मोदी जी में एक आम इनसान देखा था, जो राजनीति से अलग था। सोनिया आगे लिखती हैं कि मोदी जी की एक बात उन्हें हमेशा अच्छी लगी, वो है उनका काम करने का तरीका। वो लिखती हैं कि मोदी जी सुबह 4 बजे उठकर काम करते हैं, ये बात उन्होंने कई बार सुनी है। सोनिया गांधी लिखती हैं कि राजीव भी ऐसे ही थे, काम के लिए पागल। सोनिया गांधी ने किताब में लिखा है कि मोदी जी ने गरीबों के लिए कई योजनाएं चलाई, जैसे उज्जवला, जनधन, स्वच्छ भारत। सोनिया गांधी लिखती हैं कि जब उन्हें पता चला कि गांव-गांव में शौचालय बने हैं, तो उन्हें अच्छा लगा था, क्योंकि ये काम राजीव भी करना चाहते थे। लेकिन सोनिया गांधी लिखती हैं कि उन्हें दुख इस बात का है कि सरकार ने कांग्रेस की योजनाओं का नाम बदलकर अपना नाम लगा दिया। उन्होंने लिखा है, योजना अच्छी है, लेकिन पुरानी योजना का नाम मिटाना ठीक नहीं है। सोनिया गांधी जी लिखती हैं कि अगर मोदी जी एक दिन सबको साथ लेकर चलने लगे, तो मैं उनकी सबसे बड़ी समर्थक बन जाऊंगी। सोनिया गांधी लिखती हैं कि मैं मोदी जी को अपना दुश्मन नहीं मानती, मैं उन्हें अपना राजनीतिक विरोधी मानती हूं। दुश्मन से नफरत की जाती है, विरोधी से बहस की जाती है, और मैं बहस के लिए हमेशा तैयार हूं। यह सोच सभी राजनेताओं में कम ही मिलती है। उनकी किताब की शुरुआत ऋग्वेद की इन पंक्तियों से होती है- 'साथ चलें, साथ बोलें, हमारे मन एकमत हों', इन पंक्तियों में एक गहरी विडंबना है।

चींटियों से सबक लेकर हम बेहतर समाज बनाएं

प्रकृति ने हमें ऐसे अनगिनत आश्चर्य दिए हैं, जो आधुनिक विज्ञान, कंप्यूटर इंजीनियरिंग और प्रबंधन गुरुओं को निरंतर शोध के लिए प्रेरित करते हैं। हम अपने घर के आंगन, बगीचे या किसी पुराने पेड़ के तने पर चींटियों को अनुशासित कतारों में चलते देखते हैं, तो हमारी नजर में यह केवल एक कीट का चलना होता है, मगर जब सूक्ष्म दृष्टि से इनके जीवन, संवाद शैली और कार्यप्रणाली का अध्ययन करते हैं, तब ज्ञात होता है कि ये तो सबसे उन्नत, विकेंद्रीकृत, कुशल और स्वशासित 'मैनेजमेंट सिस्टम' का संचालन कर रही हैं। बिना किसी केंद्रीय कमान, ट्रैफिक पुलिस और लिखित संविधान के चींटियों का यह साम्राज्य सदियों से श्रम प्रबंधन, रसद ढुलाई और परिवहन का ऐसा उदाहरण पेश करता रहा है, जिसके सामने आज की कृत्रिम बुद्धिमत्ता भी अचंभित है। चींटियों के संपूर्ण संचार-तंत्र की रीढ़ है, उनके द्वारा छोड़ा जाने वाला एक रासायनिक संकेत, जो 'फेरोमोन' कहलाता है। ये रासायनिक संदेश आधुनिक कंप्यूटर नेटवर्किंग के डिजिटल पैकेट्स, इंटरनेट प्रोटोकॉल या वायरलेस सिग्नल्स की तरह काम करते हैं।जब कोई खोजी चींटी अपनी बांबी से भोजन की तलाश में किसी खाद्य स्रोत तक पहुंचती है, तो वापसी की यात्रा के दौरान वह फेरोमोन की एक सुगंधित सूक्ष्म रासायनिक धार छोड़ती जाती है। अन्य चींटियां इस रासायनिक कोड को स्पर्शेंद्रियों से पढ़कर पल भर में भांप लेती हैं कि भोजन किस दिशा में और कितनी दूरी पर है। यह गंध-आधारित कोडिंग बिल्कुल वैसी ही है, जैसे इंटरनेट पर डाटा पैकेट्स को एक सर्वर से दूसरे सर्वर तक रूट किया जाता है। जैसे-जैसे अधिक संख्या में चींटियां इस रास्ते का उपयोग करती हैं, फेरोमोन की धारा अधिक गाढ़ी और मजबूत होती जाती है, जिससे पूरा झुंड सबसे कम दूरी और सबसे तेज मार्ग पर स्वतः केंद्रित होकर आगे बढ़ जाता है। कंप्यूटर वैज्ञानिकों और गणितज्ञों ने चींटियों के इस व्यवहार से प्रेरित होकर ही 'ऐंट कॉलोनी ऑप्टिमाइजेशन' एल्गोरिदम विकसित किया है, जिसका उपयोग आज अधिक जटिल 'लॉजिस्टिक्स सिस्टम', दूरसंचार, हवाई मार्गों के निर्धारण और 'नेविगेशन सिस्टम' में बड़े पैमाने पर किया जाता है। श्रम प्रबंधन और कार्य विभाजन के मामले में भी चींटियों का समाज इंसानी कॉरपोरेट जगत और आधुनिक मानव समाज को कड़ी टक्कर देता है। इनकी एक बड़ी कॉलोनी में हरेक सदस्य की भूमिका पूरी तरह निर्धारित होती है, जो उनकी आयु, शारीरिक बनावट और कॉलोनी की तात्कालिक जरूरतों व संकटों के आधार पर निरंतर बदलती रहती है।



वास्तु टिप्स घर में इन जगहों पर ना रखें खाली बर्तन, होगी पैसों की तंगी

घर के वास्तु को कई बार हम जाने-अनजाने में भी खराब कर देते हैं। जैसे कई बार पानी पीकर खाली गिलास कहीं भी रख देते हैं। या फिर खाली बर्तन चूल्हे पर रख देते हैं। ये चीजें काफी मामूली सी लगेंगी लेकिन धीरे-धीरे इनका असर हमारे घर के आर्थिक स्थिति पर भी पड़ सकता है। वास्तुशास्त्र के अनुसार घर में कुछ जगहों पर खाली बर्तन भूलकर भी नहीं रखने चाहिए क्योंकि इनसे घर की बरकत रुकती है और ऐसे में पैसों की तंगी आने वाले समय में परेशान कर सकती है। जानें ऐसी कौन सी 5 जगहें हैं जहां पर खाली बर्तन कभी भी नहीं रखने चाहिए?

वास्तुशास्त्र के अनुसार घर में इन जगहों पर खाली बर्तन ना रखें-

1. चूल्हे पर ना हो खाली बर्तन-नियम के हिसाब से घर के किचन में भी खाली बर्तन नहीं होना चाहिए। खासकर चूल्हे पर गलती से भी खाली बर्तन नहीं रखा होना चाहिए। चूल्हे पर रखा कोई भी खाली बर्तन बिल्कुल भी शुभ नहीं माना जाता है। वास्तु मान्यता है कि ये गलती करने से घर में धन-धान्य की कमी होने लगती है। किचन में खाली बर्तनों को हमेशा उलटा करके किसी एक जगह स्टोर करना चाहिए।

2. पूजा घर में ना रखें खाली बर्तन-वास्तु के नियम के हिसाब से घर के मंदिर में कोई भी बर्तन खाली नहीं होना चाहिए। कलश से लेकर भोग वाली कटोरी कभी भी खाली नहीं होनी चाहिए। अगर इनका इस्तेमाल नहीं है इसे उलटा यानी पट करके रख दें। पूजा के बाद आमतौर पर लोग बर्तन वहीं खाली छोड़ देते हैं जोकि सही तरीका नहीं है। नियम के अनुसार मंदिर में खाली बर्तन नहीं रखना चाहिए।

3. बेड के पास ना रखें खाली गिलास-अक्सर लोग बेड के पास पानी का गिलास रख देते हैं ताकि देर रात जब प्यास लगे तो पानी आसानी से पी लिया जाए। अब ऐसी स्थिति में खाली गिलास पास में ही रखा रह जता है। वास्तु के अनुसार बेड के आसपास या फिर सोने वाली जगह पर खाली बर्तन को रखना सही नहीं मानते हैं। माना जाता है कि ऐसा करने से घर की पॉजिटिव एनर्जी बुरी तरह से प्रभावित होती है। ऐसे में बेड के पास खाली गिलास या फिर कोई भी बर्तन नहीं रखना चाहिए।

4. घर के मुख्यद्वार पर ना रखें खाली बर्तन-वास्तु में घर का मुख्यद्वार बहुत ही अहमियत रखता है। यहीं से घर में हर तरह की एनर्जी आती है। ऐसे में गलती से भी यहां पर कोई भी खाली बर्तन नहीं होना चाहिए।





22 नवंबर को तुला राशि में आ रहे शुक्र, बहुत अच्छा समय लेकिन 2 राशियां रहें सतर्क

धन-संपदा के कारक शुक्र 22 नवंबर 2026 को अपनी मूल त्रिकोण राशि तुला में गोचर करने वाले हैं और 1 जनवरी 2027 तक यानी 40 दिन तक इसी राशि में रहेंगे। इसके पहले शुक्र 2 सितंबर 2026 को तुला राशि में आए थे। वक्री होकर कन्या राशि में चले गए थे। अब मार्गी होकर फिर तुला राशि में वापसी करने वाले हैं। पंडित नरेंद्र उपाध्याय बताते हैं कि शुक्र का अपनी स्वराशि में गोचर करना सुख, संपत्ति, कला, आर्थिक स्थिति और वैवाहिक जीवन के लिए बहुत लाभकारी माना जाता है। इस दौरान जातकों को धन लाभ, व्यापारिक उन्नति, करियर में तरक्की और प्रेम-संबंधों में सुधार जैसे संभावित लाभ होते हैं। हालांकि इस दौरान लोगों को जल्दबाजी में निवेश से बचना चाहिए। एस्ट्रोलॉजर उपाध्याय कहते हैं कि शुक्र जब तुला राशि में आते हैं तो आमतौर पर सभी राशियों को लाभ मिलता है लेकिन 2 राशियां ऐसी हैं, जिन्हें इस दौरान सतर्क रहना चाहिए।

शुक्र गोचर का जनमानस पर प्रभाव-पंडित जी के अनुसार, तुला राशि के शुक्र जनमानस पर बहुत सकारात्मक प्रभाव डालते हैं क्योंकि यह एक अच्छा संकेत माना जाता है। इस समय जातकों की आर्थिक स्थिति पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। यह गोचर लग्जरी लाइफ, रिलेशनशिप, दांपत्य जीवन, प्रेमी-प्रेमिका के लिए और हार्मोनल परेशानियों के लिए अच्छा साबित हो सकता है।

शुक्र गोचर के दौरान 2 राशियां रहें सतर्क-शुक्र गोचर का धनु और मीन राशि पर अशुभ प्रभाव पड़ेगा। इस दौरान इन राशियों को धन संबंधी मामलों में सावधानी और निवेश से जुड़े फैसलों में जल्दबाजी करने से बचना चाहिए। जानें ये राशियां क्या बरतें सावधानी।

धनु राशि-शुक्र गोचर से धनु राशि वालों को आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस समय आपके खर्च में वृद्धि हो सकती है। अनाप-शनाप खर्च मानसिक तनाव दे सकते हैं। निवेश से जुड़ा कोई भी फैसला एक्सपर्ट की सलाह के बिना लेने से बचें। परिवार के मामलों को धैर्य के साथ निपटाएं। वाणी और क्रोध पर नियंत्रण रखें। भूमि, भवन या वाहन की खरीदारी में अड़चनों का सामना कर सकते हैं। नौकरी में तरक्की के लिए इंतजार लंबा हो सकता है। क्या आप जानना चाहते हैं कि शुक्र गोचर का आपकी जन्मकुंडली पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

राज्यपाल ने सामूहिक विवाह समारोह में शामिल हो 116 नवदंपतियों को दिया सुखी वैवाहिक जीवन का मंत्र

द अनकवर्ड अपडेट



भरतपुर/ हलैना/ रुपवास, (विष्णु मित्तल) राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भरतपुर के गांव बौकोली मोड़ स्थित मां केला देवी स्टोन क्रेशर परिसर में आयोजित 116 बेटियों के सामूहिक विवाह समारोह में शिरकत की और उन्होंने बगलामुखी राष्ट्र रक्षा महायज्ञ पूर्णाहुति कार्यक्रम में भी भाग लिया।

समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि 116 बेटियों का सामूहिक विवाह उत्सव सामाजिक समरसता, सहयोग और सेवा भावना का प्रेरणादायी उदाहरण है। उन्होंने इस आयोजन को युवा महोत्सव की संज्ञा देते हुए आयोजकों की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से मुस्कान के पिता चन्द्रप्रकाश व्यास एवं अन्य आयोजकों के उस निर्णय की प्रशंसा की, जिसके तहत अपनी बेटी का विवाह भव्य सामूहिक आयोजन में कर गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग का अनुकरणीय संदेश दिया गया।

राज्यपाल ने भारतीय संस्कृति में विवाह को महत्वपूर्ण संस्कार बताते हुए कहा कि भारतीय परंपरा में विवाह केवल दो व्यक्तियों का नहीं, बल्कि दो परिवारों का भी मिलन है। उन्होंने शादियों में दिखावे और अनावश्यक खर्च से बचने तथा सादगीपूर्ण आयोजनों को प्रोत्साहित करने की अपील की।

नवदंपतियों को सुखी वैवाहिक जीवन का मंत्र देते हुए राज्यपाल ने कहा कि दांपत्य जीवन में आपसी समझ, प्रेम, विश्वास और धैर्य का विशेष महत्व है। यदि पति-पत्नी में से किसी एक को क्रोध आए तो दूसरे को शांत रहकर परिस्थिति को संभालना चाहिए। इससे परिवार में प्रेम और सौहार्द बना रहता है। उन्होंने सभी 116 नवदंपतियों के सुखी, स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में भरतपुर नगर निगम महापौर अनुराधा सिंह हजारी सिंह धौलपुर नगर परिषद सभापति गिरीश गर्ग, महाराजा सूरजमल बृज विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. मदन सिंह राठौड़, पूर्व सांसद रामस्वरूप कोली, महेंद्रसिंह मग्गो, सदुरु राजकुमार, गेंदालाल, लघु उद्योग भारती बयाना ईकाई अध्यक्ष नितिन सिंघल, राहुल बंसल,मनोज भारद्वाज एवं कृपाल सिंह, बाबूलाल, उत्तरी भारत के उद्योगपति नितिन फरीदाबाद विजय गुप्ता, दिनेश चंद मंगल सहित जनप्रतिनिधि, रूपवास सहित आसपास के गांव के ग्रामीण, रिश्तेदार एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पंचायत समिति सदस्य चुनावों के परिणाम घोषित, 7 पंचायत समितियों के 159 वार्डों में प्रत्याशियों ने दर्ज की जीत

द अनकवर्ड अपडेट

भरतपुर (विष्णु मित्तल) पंचायतीराज आम चुनाव के तहत जिले की 7 पंचायत समितियों के सदस्य पदों के चुनाव परिणाम में भाजपा के 31, कॉंग्रेस के 48, बसपा के 03, रालोपा के 02 एवं निर्दलीय 75 प्रत्याशी विजयी हुए है।

पंचायत समिति सेवर के 21 में से भाजपा के 07 कॉंग्रेस के 04 एवं निर्दलीय 10, बयाना के 33 में से भाजपा के 05, कॉंग्रेस के 13 एवं निर्दलीय 15 विजयी हुए है। इसी प्रकार नदबई के 27 में से भाजपा के 06, कॉंग्रेस के 02 निर्दलीय 19, वैर के 19 में से भाजपा के 03 कॉंग्रेस के 09, आरएलपी के 01 तथा निर्दलीय 06, भुसावर के 19 में से भाजपा के 01, कॉंग्रेस के 11 एवं निर्दलीय 07 प्रत्याशी विजयी हुए है। इसी प्रकार रूपवास के 25 में से भाजपा के 07, कॉंग्रेस के 07, बसपा 02, एवं निर्दलीय 09 तथा उच्चैन के 15 में से भाजपा 02, कॉंग्रेस के 02, बसपा के 01, आरएलपी के 01 एवं निर्दलीय 09 प्रत्याशी विजयी हुए हैं।

पंचायत समिति सेवर परिणाम

उन्होंने बताया कि पंचायत समिति सेवर के वार्ड 1 से कांग्रेस के प्रशांत सिंह, वार्ड 2 से भाजपा के राजसिंह, वार्ड 3 से निर्दलीय स्वरता देवी, वार्ड 4 से निर्दलीय देवेश कुमार, वार्ड 5 से निर्दलीय विश्वेन्द्र सिंह, वार्ड 6 से निर्दलीय दीक्षा, वार्ड 7 से निर्दलीय सुनीता, वार्ड 8 से भाजपा के जसवेन्द्र सिंह, वार्ड 9 से भाजपा के विनोद, वार्ड 10 से भाजपा के कृष्णपाल, वार्ड 11 से निर्दलीय वीरेन्द्र सिंह, वार्ड 12 से निर्दलीय दीवानसिंह, वार्ड 13 से भाजपा की डॉली कुमारी, वार्ड 14 से निर्दलीय पुष्पा, वार्ड 15 से कांग्रेस के जितेन्द्र सिंह, वार्ड 16 से कांग्रेस की मछला, वार्ड 17 से निर्दलीय शोभा, वार्ड 18 से भाजपा के केशव देव, वार्ड 19 से कांग्रेस की वीरवती, वार्ड 20 से भाजपा की जशना वर्मा तथा वार्ड 21 से निर्दलीय ममता विजयी हुई हैं।

पंचायत समिति बयाना परिणाम

उन्होंने बताया कि इसी प्रकार पंचायत समिति बयाना के वार्ड संख्या 1 से कांग्रेस के तेजसिंह, वार्ड 2 से निर्दलीय पुष्पेन्द्र, वार्ड 3 से भाजपा की राजकुमारी धाकड, वार्ड 4 से निर्दलीय शारदा, वार्ड 5 से कांग्रेस के गिर्राज, वार्ड 6 से कांग्रेस की गुडिया, वार्ड 7 से भाजपा के हुकमसिंह, वार्ड 8 से भाजपा की सीमा, वार्ड 9 से निर्दलीय अनिल, वार्ड 10 से निर्दलीय श्रीलाल तंवर, वार्ड 11 से निर्दलीय शांति, वार्ड 12 से निर्दलीय यादराम, वार्ड 13 से कांग्रेस की गुड्डी देवी, वार्ड 14 से निर्दलीय राहुल, वार्ड 15 से भाजपा के देवेन्द्र, वार्ड 16 से निर्दलीय परशुराम, वार्ड 17 से कांग्रेस की रज्जोदेवी, वार्ड 18 से निर्दलीय गुड्डु कुमारी, वार्ड 19 से निर्दलीय महावीरी, वार्ड 20 से कांग्रेस से किशनदेई, वार्ड 21 से भाजपा के वीरेन्द्र बुढवार, वार्ड 22 से निर्दलीय की फूलनदेई, वार्ड 23 से कांग्रेस के बृजेन्द्र सिंह, वार्ड 24 से कांग्रेस के जयशिव, वार्ड 25 से कांग्रेस की चन्द्रवाल, वार्ड 26 से निर्दलीय गजना कुमारी, वार्ड 27 से निर्दलीय प्रेमसिंह, वार्ड 28 से कांग्रेस की मिंटा, वार्ड 29 से कांग्रेस के शिवसिंह, वार्ड 30 से कांग्रेस की सीमा, वार्ड 31 से कांग्रेस के सतीश, वार्ड 32 से निर्दलीय सुरेशचंद तथा वार्ड 33 से निर्दलीय पिंकी विजयी हुई हैं।



पंचायत समिति नदबई का परिणाम

उन्होंने बताया कि पंचायत समिति नदबई के वार्ड संख्या 1 से निर्दलीय श्यामवीर सिंह, वार्ड 2 से निर्दलीय राजवती देवी, वार्ड 3 से भाजपा के भूपेन्द्र, वार्ड 4 से निर्दलीय सपना, वार्ड 5 से भाजपा की मंजू, वार्ड 6 से निर्दलीय दिनेश, वार्ड 7 से निर्दलीय बबलू कुमार, वार्ड 8 से निर्दलीय सपना, वार्ड 9 से भाजपा की ओमवती, वार्ड 10 से निर्दलीय रतिराम, वार्ड 11 से कांग्रेस के घनश्याम, वार्ड 12 से भाजपा की मुन्नी देवी, वार्ड 13 से निर्दलीय ममता चौधरी, वार्ड 14 से निर्दलीय कमल सिंह, वार्ड 15 से निर्दलीय सुशीला, वार्ड 16 से निर्दलीय नीरज कुमारी, वार्ड 17 से भाजपा के तरुण कुमार, वार्ड 18 से निर्दलीय आरती, वार्ड 19 से निर्दलीय पिंकी देवी, वार्ड 20 से भाजपा की पिंकी, वार्ड 21 से निर्दलीय रेखा, वार्ड 22 से निर्दलीय लाखन सिंह, वार्ड 23 से निर्दलीय गजेन्द्र सिंह, वार्ड 24 से कांग्रेस की प्रीति कुमारी, वार्ड 25 से निर्दलीय गुड्डी, वार्ड 26 से निर्दलीय हेमेन्द्र कुमार तथा वार्ड 27 से निर्दलीय शोभा कुमारी विजयी हुई हैं।

पंचायत समिति वैर परिणाम

उन्होंने बताया कि पंचायत समिति वैर के वार्ड संख्या 1 से आरएलपी के प्रहलाद सिंह, वार्ड 2 से निर्दलीय सुगरवती, वार्ड 3 से निर्दलीय सुमन, वार्ड 4 से निर्दलीय रीना, वार्ड 5 से निर्दलीय कस्तूरी, वार्ड 6 से कांग्रेस के रविन्द्र, वार्ड 7 से कांग्रेस के श्यामसुन्दर, वार्ड 8 से भाजपा के रामकिशन, वार्ड 9 से कांग्रेस के दुलीचन्द, वार्ड 10 से कांग्रेस की मीरा, वार्ड 11 से कांग्रेस के रूपेन्द्र, वार्ड 12 से कांग्रेस की पुष्पा, वार्ड 13 से निर्दलीय शीला, वार्ड 14 से कांग्रेस की ओमवती, वार्ड 15 से भाजपा के हेमलेश, वार्ड 16 से निर्दलीय लक्ष्मी, वार्ड 17 से भाजपा की वर्षा, वार्ड 18 से कांग्रेस के शिवसिंह तथा वार्ड 19 से कांग्रेस की कल्पना विजयी हुई हैं।

पंचायत समिति भुसावर परिणाम

उन्होंने बताया कि पंचायत समिति भुसावर के वार्ड संख्या 01 से कांग्रेस की सीमाबाई गुर्जर, वार्ड 02 से कांग्रेस के लखनलाल, वार्ड 03 से कांग्रेस के दिनेश, वार्ड 04 से निर्दलीय रीनू, वार्ड 05 से भाजपा के पवन देवी, वार्ड 06 से निर्दलीय मिथलेश कुमारी, वार्ड 07 से कांग्रेस की ममता मीना, वार्ड 08 से निर्दलीय राहुल कुमार सागर, वार्ड 09 से कांग्रेस के समन्दर सिंह, वार्ड 10 से कांग्रेस के मुकेश कुमार, वार्ड 11 से निर्दलीय मिथलेश, वार्ड 12 से कांग्रेस की मायावती, वार्ड 13 से कांग्रेस की लक्ष्मीदेवी, वार्ड 14 से कांग्रेस की आशा शर्मा, वार्ड 15 से निर्दलीय सुषमा सुमन, वार्ड 16 से कांग्रेस की शकुन्तला, वार्ड 17 से निर्दलीय मीना, वार्ड 18 से कांग्रेस की रेखा कुमारी तथा वार्ड 19 से निर्दलीय अवधेश विजयी हुए हैं।

पंचायत समिति रूपवास परिणाम

उन्होंने बताया कि पंचायत समिति रूपवास के वार्ड संख्या 01 से भाजपा के बृजेश, वार्ड 02 से भाजपा के रोहित, वार्ड 03 से कांग्रेस के सचिन, वार्ड 04 से निर्दलीय सुमन कोली, वार्ड 05 से निर्दलीय कृष्णा, वार्ड 06 से निर्दलीय पूनम, वार्ड 07 से निर्दलीय राहुल, वार्ड 08 से बसपा की राजकुमारी, वार्ड 09 से कांग्रेस से खेमचन्द, वार्ड 10 से निर्दलीय लक्ष्मी, वार्ड 11 से निर्दलीय विनोद, वार्ड 12 से बसपा की सविता, वार्ड 13 से निर्दलीय राजेश, वार्ड 14 से कांग्रेस के ज्ञानेश, वार्ड 15 से निर्दलीय संजय, वार्ड 16 से भाजपा की हेमलता, वार्ड 17 से भाजपा के टीकम, वार्ड 18 से भाजपा के खजानसिंह, वार्ड 19 से भाजपा के मनपाल, वार्ड 20 से कांग्रेस की ऊषा, वार्ड 21 से कांग्रेस के रणवीर सिंह, वार्ड 22 से कांग्रेस के सोनू, वार्ड 23 से कांग्रेस की सुमनलता, वार्ड 24 से निर्दलीय सरस्वती तथा वार्ड 25 से भाजपा के उदयभान विजयी हुए हैं।

पंचायत समिति उच्चैन परिणाम

उन्होंने बताया कि पंचायत समिति उच्चैन के वार्ड संख्या 01 से निर्दलीय लक्ष्मन, वार्ड 02 से निर्दलीय पूजा कुमारी, वार्ड 03 से आरएलपी की प्रीति अम्बेश, वार्ड 04 से निर्दलीय राजेन्द्र, वार्ड 05 से निर्दलीय संतो, वार्ड 06 से निर्दलीय जौली, वार्ड 07 से बसपा के सिरोगन सिंह, वार्ड 08 से निर्दलीय काजल, वार्ड 09 से निर्दलीय अमरजीत, वार्ड 10 से निर्दलीय प्रियंका कुमारी, वार्ड 11 से कांग्रेस की मुनेश देवी, वार्ड 12 से भाजपा की वर्षा रानी, वार्ड 13 से भाजपा की विनीता, वार्ड 14 से कांग्रेस की रूमी कुमारी तथा वार्ड 15 से निर्दलीय मीना विजयी हुई हैं। उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने में सहयोग देने वाले समस्त निर्वाचन अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस प्रशासन, चुनाव कार्मिकों एवं आमजन का आभार व्यक्त किया।

देवउठनी एकादशी पर शालिग्राम तुलसी का विवाह

द अनकवर्ड अपडेट



हलैना (विष्णु मित्तल) धार्मिक और सामाजिक संगठनों के द्वारा देवउठनी एकादशी महापर्व पर धार्मिक स्थलों और घरों पर सजावट की गई कस्बा हलेना सहित पड़ोसी गांव में भी यह पर मनाया गया हेलेना के श्री विजय हनुमान मंदिर श्री बनखंडी महाराज आश्रम श्री बांके बिहारी मंदिर श्री खाटू श्याम मंदिर वीर हनुमान छतरी वाले प्रभु मन मंदिर आदि पर महिलाओं ने भजन संध्या की और फूल बंगला के दर्शन भी किया कस्बे के सेठ वीरेंद्र मंगल और आशा गुप्ता के द्वारा सरकारी श्री बिहारी जी मंदिर पर भगवान शालिग्राम एवं तुलसी का विवाह समारोह का आयोजन किया गया बंद बजे के साथ शालिग्राम भगवान की बारात निकाली गई और तुलसी मां के साथ उनका विवाह संपन्न किया भारी संख्या में भक्तगण कन्यादान के लिए उम्र पड़े पंडित सुरेश चंद्र मुद्गल ने यह कार्यक्रम आयोजित कराया।

नन्हे हाथी 'राजा' को बचाने के लिए अनंत अंबानी ने भेजा विमान

असम से जामनगर के वनतारा लाया जा रहा नन्हा हाथी, विशेष विमान में डॉक्टरों की टीम भी साथ

जन्म के पहले ही दिन टूट गया था पैर, सात हफ्तों से जिंदगी की जंग लड़ रहा है राजा

द अनकवर्ड अपडेट



जामनगर/गुवाहाटी। महज सात हफ्ते का नन्हा हाथी 'राजा' अभी अपने पैरों पर ठीक से खड़ा भी नहीं हो पाया है। जिस उम्र में उसे अपनी मां के साथ खेलना और दौड़ना चाहिए था, उस उम्र में वह जिंदगी की जंग लड़ रहा है। जन्म के पहले ही दिन मां की घबराहट में लगी एक लात से उसके पिछले पैर की हड्डी टूट गई। बदकिस्मती ऐसी कि उसे मां का दूध भी नसीब नहीं हुआ।

असम में 2 अक्टूबर को जन्मे राजा की हालत गंभीर बनी हुई है। पिछले सात हफ्तों से वनतारा के डॉक्टर उसकी देखभाल कर रहे हैं। टूटे पैर के साथ संक्रमण और कमजोरी ने उसकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। अब उसे बचाने के लिए अनंत अंबानी की पहल पर विशेष विमान से असम से गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा लाया जा रहा है। करीब 2,500 किलोमीटर से ज्यादा का सड़क सफर इस नन्ही जान के लिए जोखिम भरा हो सकता था, इसलिए करीब चार घंटे की हवाई यात्रा का इंतजाम किया गया है।



राजा के लिए विमान में खास बिस्तर और उसके घायल पैर को सहारा देने की व्यवस्था की गई है। डॉक्टरों और देखभाल करने वालों की टीम पूरे सफर में उसके साथ रहेगी। वनतारा पहुंचने पर उसे विशेष अस्पताल में भर्ती कर गहन उपचार दिया जाएगा।

वनतारा के सीईओ विवान करानी ने कहा, 'राजा पिछले सात हफ्तों से गंभीर चोट और स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से जूझ रहा है। अनंत अंबानी के सहयोग से उसे जल्द से जल्द वनतारा लाया जा रहा है, जहां विशेषज्ञ डॉक्टर उसकी देखभाल और इलाज करेंगे। हमारी पूरी कोशिश है कि राजा स्वस्थ हो और दोबारा अपने पैरों पर चल सके। '

रक्षा मंत्रालय के रिटायर्ड अफसर से 2.02 करोड़ की ठगी, लखनऊ से तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी। रक्षा मंत्रालय के एक सेवानिवृत्त अधिकारी को पांच दिनों तक डिजिटल अरेस्ट कर 2.02 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल (आइएफएसओ) ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में लखनऊ से तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार कर उनके पास से मोबाइल फोन, डेबिट कार्ड और चेकबुक बरामद की है। 70 लाख का हुआ लेनदेन.. डीसीपी गौरव त्यागी के मुताबिक, पीड़ित ने जनवरी में आइएफएसओ में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि अनजान नंबर से फोन आया। कॉलर ने दावा किया कि उनके आधार कार्ड का इस्तेमाल कर जम्मू-कश्मीर में बैंक खाता खोला गया है, जिसमें 70 लाख रुपये का संदिग्ध लेनदेन हुआ है। इसके बाद ठगों ने खुद को जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर फर्जी जांच शुरू की और गिरफ्तारी का डर दिखाया। लगातार फोन पर निगरानी और मानसिक दबाव के चलते पीड़ित कई बार बैंक गए और ठगों के बताए अलग-अलग खातों में कुल 2.02 करोड़ रुपये भेज दिए। मामले में 15 जनवरी को आइएफएसओ में ई-एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने लेनदेन की जांच में पाया कि ठगी की रकम कई फर्जी और म्यूल बैंक खातों के जरिए घुमाई गई थी। तकनीकी सुरागों के आधार पर लखनऊ में दबिश देकर तीनों आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार मोहम्मद इमरान खान एक कंपनी का डायरेक्टर है।

व्हाइट हाउस के अफसरों से मिले हिंदू नेता, हिंदूफोबिया-मंदिरों की सुरक्षा पर उठाई आवाज; रखीं मांगें

वॉशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका में हिंदू समुदाय के नेताओं ने सोशल मीडिया पर हिंदू विरोधी बयानबाजी और देशभर में हिंदूफोबिया से जुड़ी घटनाओं को लेकर चिंता जताई है। हिंदू अमेरिकी नेताओं ने बुधवार को व्हाइट हाउस के अधिकारियों के साथ बैठक में ये मुद्दे उठाए। इस दौरान उन्होंने अमेरिका में मंदिरों की सुरक्षा बढ़ाने और अलग-अलग धर्मों के बीच संवाद मजबूत करने की मांग भी की। बैठक में सरकार की नीतियों में हिंदू अमेरिकी समुदाय की भागीदारी बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। यह बैठक वॉशिंगटन में हिंदू सामुदायिक केंद्र और मंदिर केशवम में आयोजित की गई। इसमें व्हाइट हाउस की फेथ डायरेक्टर जेनिफर कोर्न के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ। उनके साथ अमेरिकी विदेश मंत्रालय की वरिष्ठ सलाहकार और फेथ लाइजन बेलसिस रोमेरो भी मौजूद थीं। बैठक में हिंदू स्वयंसेवक संघ-यूएसए, सेवा इंटरनेशनल, बीएपीएस, हिंदू युवा, इस्कॉन, चिन्मय मिशन, आर्ट ऑफ लिविंग, ईशा फाउंडेशन, विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका और श्रीमद राजचंद्र मिशन समेत कई संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। हिंदू समुदाय ने अपनी चिंताओं से अधिकारियों को कराया अवगत बैठक के दौरान हिंदू अमेरिकी प्रतिनिधियों ने अमेरिका में समुदाय के योगदान के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हिंदू संगठन आपदा राहत कार्यों, ध्यान और स्वास्थ्य से जुड़े कार्यक्रमों के साथ-साथ सेवा दिवाली जैसे अभियानों के जरिए समाज की मदद कर रहे हैं। सेवा दिवाली के तहत जरूरतमंद लोगों के लिए खाद्य सामग्री जुटाई जाती है।

एलन मस्क का बयान, जेनसेन हुआंग को हटाना एनवीडिया की बड़ी भूल- उनकी जगह कोई नहीं ले सकता

ऑस्टिन, एजेंसी। स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क, एनवीडिया के पूर्व बॉस जेन्सेन हुआंग के समर्थन में अपनी बात पर कायम हैं। भले ही कंपनी के बोर्ड ने उन्हें वापस लाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है, फिर भी मस्क का रुख नहीं बदला है। न्यूयॉर्क टाइम्स के डील बुक समिट में बोलते हुए, मस्क ने एनवीडिया से जेन्सेन हुआंग को बाहर निकाले जाने की तुलना, शिकागो बुल्स द्वारा बास्केटबॉल के दिग्गज माइकल जॉर्डन को उनकी जीत के सिलसिले के बीच ही टीम से निकाल देने से की। उन्होंने कहा, आप मुझे कभी ऐसा करते नहीं पाएंगे कि मैं सबके सामने कुछ और कहूं और निजी तौर पर कुछ और। जेन्सेन मेरे पुराने दोस्त हैं। एक टीम के लिए जेन्सेन का जो महत्व है, उसे देखते हुए मैं उन्हें माइकल जॉर्डन कहूंगा - शायद उनके करियर के सबसे बेहतरीन दौर वाले माइकल जॉर्डन। किसी को बाहर निकालने से पहले आपको बहुत गहराई से सोचना चाहिए। मान लीजिए आप शिकागो बुल्स हैं, अपने दूसरे सीज़न के बीच में हैं, लगातार जीत रहे हैं, और तभी आप माइकल जॉर्डन को अपनी टीम से निकाल देते हैं। मुझे नहीं लगता कि यह कोई समझदारी भरा फैसला है। मस्क ने आगे कहा, जेन्सेन की जगह कोई नहीं ले सकता। वह अकेले ही कई लोगों का काम संभालते हैं। वह सप्लाई चेन को मैनेज करते हैं। आप उन्हें कोरिया और ताइवान में अहम सप्लायर्स के साथ सड़क किनारे खाना खाते हुए देख सकते हैं। दशकों से उनके गहरे और लंबे समय तक चलने वाले रिश्ते बने हुए हैं। वह टेक्नोलॉजी को बहुत अच्छी तरह समझते हैं। उनकी टीम उन्हें बहुत पसंद करती है। टीम के कई लोग तो सिर्फ उनकी वजह से वहां टिके हुए हैं; उन्हें कहीं और से बेहतर ऑफर भी मिले, लेकिन जेन्सेन के प्रति अपनी निजी वफादारी के कारण उन्होंने उन ऑफर्स को ठुकरा दिया। उनकी तारीफ करते हुए, मस्क ने यह कहकर अटकलों को और हवा दे दी कि अगर जरूरत पड़ी, तो वह निश्चित रूप से हुआंग को काम पर रखेंगे। उन्होंने हुआंग को सबसे प्रतिभाशाली उद्यमी बताया। जब मस्क से जेन्सेन हुआंग को काम पर रखने की संभावना के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने जवाब दिया, बिल्कुल। भला कौन नहीं चाहेगा? आप जानते हैं? वह इतिहास के सबसे प्रतिभाशाली उद्यमी सीईओमें से एक हैं। जेन्सेन को काम पर रखना कौन नहीं चाहेगा? जाहिर है, जेन्सेन अभी नौकरी की तलाश में नहीं हैं। और मुझे लगता है कि वह अभी भी इन घटनाओं से थोड़े हैरान हैं। अगर यह कोई फिल्म होती, जैसे जॉर्ज आर.आर. मार्टिन की किसी स्क्रिप्ट में होता है-जहाँ कोई मुख्य किरदार हो जिससे आप गहराई से जुड़े हों और अचानक वह गायब हो जाए-तो यह वाकई चौंकाने वाला होता है। हालाँकि, संकट में घिरे पूर्व सीईओ के लिए एनवीडिया के दरवाजे बंद होते दिख रहे हैं।

पड़ोसियों से संघर्ष बंद करे सेना: यूएन में भारत ने पाकिस्तान को फिर दिखाया आईना, कहा- इसलिए हो रहा है बर्बाद

इस्लामाबाद, एजेंसी। भारत ने एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान को अपनी करतूतों से बाज आने की हिदायत दी है। भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत परवतानेनी हरीश ने सुरक्षा परिषद में इस्लामाबाद को आईना दिखाते हुए माना कि उनकी सेना का हस्तक्षेप देश को बर्बाद कर रहा है। पी हरीश ने संयुक्त राष्ट्र में आरिया-फॉर्मूला बैठक के दौरान भारत का स्पष्ट मत रखा। गुरुवार को उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका वीडियो साझा किया। बताया कि लाइबेरिया द्वारा आयोजित प्राकृतिक संसाधन और संघर्ष विषय में भारत ने अपना पक्ष रखा। इनमें किम्बर्ली प्रोसेस के प्रति भारत का समर्थन, जिला स्तर पर खनिज संसाधनों के प्रबंधन की व्यवस्था, महिलाओं की भूमिका और पाकिस्तान की सेना की भूमिका पर सवाल शामिल रहा।

पाकिस्तान पर पी हरीश ने कहा, मेरी मंशा नहीं थी कि इस मुद्दे पर बात करूं, लेकिन जिस तरह से पाकिस्तानी दूत ने इस मसले को उठाकर मंच का प्रयोग दुष्प्रचार किया है (इससे पहले पाकिस्तान ने सिंधु जल संधि का मुद्दा उठाया था) तो मुझे लगता है कि बताना जरूरी है कि सिंधु जल संधि पर हमारा रुख स्पष्ट है और विभिन्न मंचों पर हम इसे लेकर अपना पक्ष रख चुके हैं। उन्होंने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर का जिक्र करते हुए कहा, पिछले साल सितंबर में उन्हें विदेशी नेताओं के सामने खनिज पत्थरों से भरा लकड़ी का एक डिब्बा दिखाते देखा गया था। भारतीय राजदूत ने इसे प्राकृतिक संसाधनों के दोहन में पाकिस्तानी सेना की भूमिका का स्पष्ट संकेत बताया। बोले, अगर लोकतांत्रिक राज होता तो ऐसा नहीं होता जैसा हुआ है। जनता सुखी रहती और उनके एक प्रांत में गलत तरीके से इमरजेंसी न लगाई जाती।



भारतीय राजदूत ने कहा, पाकिस्तान का भी भला इसी में है कि उसकी सेना पड़ोसी देशों के खिलाफ संघर्ष भड़काना बंद करे, क्योंकि इसका उलटा असर अब खुद पाकिस्तान पर पड़ रहा है। यह टिप्पणी पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख असीम मुनीर की सितंबर 2025 में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ हुई मुलाकात के दौरान सामने आई तस्वीर के संदर्भ में थी। इस तस्वीर में मुनीर खनिज नमूनों से भरा लकड़ी का डिब्बा दिखाते नजर आए थे। संयुक्त राष्ट्र की इस बैठक का विषय प्राकृतिक संसाधनों और शांति के बीच संबंध तथा इस क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय नियमों की संभावित कमियों का आकलन था। इसमें इस बात पर चर्चा हुई कि खनिज और अन्य प्राकृतिक संसाधन किस तरह संघर्षों को बढ़ावा देने या शांति और विकास का आधार बनने में भूमिका निभा सकते हैं।

भारत ने किम्बर्ली प्रोसेस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। भारत वर्ष 2026 में इस प्रक्रिया का अध्यक्ष है। किम्बर्ली प्रोसेस एक अंतरराष्ट्रीय प्रमाणन व्यवस्था है, जिसका उद्देश्य संघर्षों को वित्तपोषित करने के लिए इस्तेमाल होने वाले हीरों के अवैध व्यापार को रोकना है। भारत ने इस व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने और जिम्मेदार हीरा व्यापार को बढ़ावा देने के महत्व को रेखांकित किया।

भारतीय राजदूत ने देश में जिला स्तर पर खनिज संसाधनों के प्रबंधन से जुड़ी व्यवस्थाओं का भी जिक्र किया। भारत में जिला खनिज फाउंडेशन (डीएमएफ) के माध्यम से खनन प्रभावित क्षेत्रों और वहां रहने वाले लोगों के कल्याण के लिए काम किया जाता है। इसका उद्देश्य खनन से मिलने वाले लाभ का एक हिस्सा स्थानीय समुदायों तक पहुंचाना और प्रभावित इलाकों में विकास कार्यों को बढ़ावा देना है।

यमन में हूतियों पर सऊदी अरब की ताबड़तोड़ बमबारी; 60 सैन्य ठिकाने तबाह व 17 लोगों की मौत

रियाद, एजेंसी। मध्य पूर्व में तनाव के बीच यमन में सऊदी अरब और हूती विद्रोहियों के बीच टकराव तेज हो गया है। यमन में हूती विद्रोहियों के नियंत्रण वाले इलाकों में बुधवार को सऊदी अरब के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन ने बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। हूती अधिकारियों ने दावा किया है कि इन हमलों में 17 लोगों की मौत हो गई और 15 अन्य घायल हुए हैं। हूतियों ने आम नागरिकों को निशाना बनाए जाने का आरोप लगाते हुए बदला लेने की धमकी दी है। वहीं, सऊदी अरब ने दावा किया है कि उसने अपनी ओर दागी गई हूतियों की दो क्रूज मिसाइलों को हवा में ही नष्ट कर दिया।सऊदी अरब के नेतृत्व वाले सैन्य गठबंधन के प्रवक्ता मेजर जनरल तुर्की अल-मलिकी ने बताया कि ताजा हवाई हमलों में हूतियों की सुरंगों, ड्रोन और मिसाइलों के भंडार को निशाना बनाया गया। उनके मुताबिक, यमन की राजधानी सना और उसके आसपास करीब 60 सैन्य ठिकानों को नष्ट किया गया है।

नेपाल को भारत से 350 मेगावाट बिजली आयात करने की मंजूरी मिली

जलविद्युत उत्पादन में कमी के कारण निर्णय लिया

काठमांडू ।

नेपाल को आगामी शीतकाल में घरेलू बिजली की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए भारत से 350 मेगावाट तक बिजली आयात करने की मंजूरी मिल गई है। जलविद्युत उत्पादन में कमी और हाल की बाढ़ से कई परियोजनाओं को हुए नुकसान के कारण यह निर्णय लिया गया है। नेपाल विद्युत प्राधिकरण (एनईए) के अधिकारियों के अनुसार भारत के केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने एनईए को भारतीय ऊर्जा एक्सचेंज (आईईएक्स) से प्रतिस्पर्धी दरों पर बिजली खरीदने की अनुमति दी है। यह मंजूरी 17 नवंबर, 2026 से 31 जुलाई, 2027 तक वैध है, जिससे नेपाल को भविष्य में भी मौसमी अंतर को पाटने में मदद मिलेगी। नेपाल की बिजली आपूर्ति मुख्य रूप से नदी के प्रवाह पर निर्भर जलविद्युत परियोजनाओं पर आधारित है। सर्दियों में जलस्तर घटने से उत्पादन कम हो जाता है। इसके अतिरिक्त, अगस्त में रसुवा-भोटेकोशी क्षेत्र में आई बाढ़ से 431 मेगावाट क्षमता वाली परियोजनाएं अभी भी राष्ट्रीय ग्रिड से जुड़ नहीं पाई हैं, जिससे संकट और गहरा गया है। हालांकि, अप्रैल के मध्य से नदियों का जलस्तर बढ़ने पर घरेलू उत्पादन में सुधार की उम्मीद है, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी और नेपाल फिर से बिजली निर्यात शुरू कर सकेगा।

दिल्ली का खान मार्केट दुनिया के सबसे महंगे खुदरा बाजारों में 24वें स्थान पर

न्यूयॉर्क का अपर फिफ्थ एवेन्यू दुनिया में सबसे महंगा, सालाना किराया 2700 डॉलर प्रति वर्ग फुट

नई दिल्ली ।

रियल एस्टेट सलाहकार कुशमैन एंड वेकफील्ड की ताजा रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली का प्रतिष्ठित खान मार्केट दुनिया के सबसे महंगे प्रमुख खुदरा बाजारों की सूची में 24वें स्थान पर अपना दबदबा बनाए हुए है।

यह भारत का सबसे महंगा खुदरा बाजार भी है, जहां सालाना किराया 238 डॉलर प्रति वर्ग फुट पहुंच गया है। कुशमैन एंड वेकफील्ड की मेन स्ट्रीट्स अक्रॉस द वर्ल्ड 2026 रिपोर्ट के मुताबिक, न्यूयॉर्क का अपर फिफ्थ एवेन्यू 35 फीसदी की वृद्धि के साथ 2,700 डॉलर प्रति वर्ग फुट सालाना किराये के साथ दुनिया का सबसे महंगा खुदरा बाजार बन गया है। लंदन का न्यू बॉन्ड स्ट्रीट (2,230 डॉलर) दूसरे और मिलान का विया मोंटेनापोलियोने (2,160 डॉलर) तीसरे स्थान पर रहे। दिल्ली के खान मार्केट में मजबूत मांग के कारण सालाना किराया 14 प्रतिशत बढ़कर करीब 238 डॉलर प्रति वर्ग फुट (लगभग 1,875 रुपये प्रति वर्ग फुट प्रति माह) हो गया है। सर्वेक्षण में शामिल करीब आधे बाजारों में किराये बढ़े, जबकि वैश्विक स्तर पर किराये की औसत वृद्धि 3 फीसदी रही। भारतीय खुदरा बाजार मजबूत खपत, खुदरा विक्रेताओं के विस्तार और प्रीमियम उत्पादों की बढ़ती मांग के कारण मजबूत बना हुआ है, जो वैश्विक स्तर पर भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाता है।

एनवीडिया ने सीईओ पद पर हुआंग की वापसी से किया इनकार

नई दिल्ली ।

चिप बनाने वाली दिग्गज कंपनी एनवीडिया ने अपने पूर्व सह-संस्थापक और सीईओ जेनसन हुआंग को कंपनी के शीर्ष पद पर बहाल करने की किसी भी योजना से स्पष्ट इनकार कर दिया है। चेयरमैन हार्वे जोन्स ने बुधवार को कहा कि हुआंग ने कंपनी की आचार संहिता के मानकों के अनुरूप नहीं होने वाले निजी व्यवहार के खुलासे के बाद स्वेच्छा से इस्तीफा दिया था। यह घोषणा हुआंग के उस बयान के कुछ ही घंटे बाद आई है, जिसमें उन्होंने वापसी की इच्छा जताई थी। न्स ने पुष्टि की कि निदेशक मंडल ने सर्वसम्मति से हुआंग का इस्तीफा स्वीकार कर लिया था और अब उन्हें सीईओ के रूप में बहाल करने की कोई योजना नहीं है। उन्होंने बताया कि इस्तीफे की घोषणा के समय भले ही कारण नहीं बताया गया था, लेकिन हुआंग ने निजी व्यवहार के खुलासे के बाद ही पद छोड़ा था। फिलहाल, कंपनी की मुख्य वित्त अधिकारी कोलेट क्रेस अंतरिम सीईओ के रूप में कार्यरत हैं, और बोर्ड ने स्थायी सीईओ की तलाश के लिए हेड्रिक एंड स्ट्रगल्स को नियुक्त किया है। निदेशक मंडल ने क्रेस के नेतृत्व पर पूरा भरोसा जताया है और राष्ट्रीय सुरक्षा तथा निर्यात नियंत्रण निगरानी समिति भी गठित की है। इससे पहले, हुआंग ने सोशल मीडिया पर स्वीकार किया था कि उन्होंने निजी जीवन में गंभीर गलतियां की थीं, लेकिन वापसी की इच्छा भी जताई थी। इस बीच, एनवीडिया का शुद्ध लाभ दोगुने से अधिक होकर 65.3 अरब डॉलर हो गया है।

शेयर बाजार गिरावट पर बंद

सेंसेक्स 500, निफ्टी 159 अंक गिरा

मुम्बई ।

भारतीय शेयर बाजार बुधवार को गिरावट पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 500.38 अंकों की गिरावट के साथ ही 82,031.81 अंकों पर बंद हुआ। जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी 159.45 अंक फिसलकर 25,227.95 अंकों पर बंद हुआ। आज एसबीआई, आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों ने तेजी के साथ कारोबार बंद किया जबकि टाइटन, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एटरनल, इंडिगो, इन्फोसिस, टाटा स्टील के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। आज सेंसेक्स की 30 में से सिर्फ 8 कंपनियों के शेयर ही बढ़त के साथ लाभ पर बंद हुए और बाकी की सभी 22 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी 50 की 50 में से सिर्फ 15 कंपनियों के शेयर ही तेजी के साथ बंद हुए और बाकी की सभी 35 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।



सेंसेक्स की कंपनियों में एसबीआई के शेयर आज सबसे ज्यादा 2.26 फीसदी उछले जबकि टाटा समूह की प्रमुख कंपनी टाइटन के शेयर आज सबसे ज्यादा 4.82 फीसदी गिरे। सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावरग्रिड, मारुति सुजुकी, ट्रेंट, सन फार्मा और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर बढ़त पर बंद हुए। वहीं टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एटरनल सहित इन शेयरों में गिरावट आई है। टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एटरनल 2, इंडिगो, इन्फोसिस, टाटा स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। सुबह सेंसेक्स 100 अंकों से अधिक की गिरावट के साथ 82,443.35 के स्तर पर वहीं निफ्टी भी 33.50 अंक गिरकर 25,353.90 पर आ गया है। अमेरिकी बाजार मंगलवार को गिरे, जबकि एशियाई बाजारों में बुधवार सुबह मिलाजुला कारोबार दिखा।

रुपया 24 पैसे चढ़कर 93.27 प्रति डॉलर पर

रुपया मंगलवार को 93.51 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था



मुंबई ।

रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में 24 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 93.27 पर पहुंच गया। कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और घरेलू शेयर बाजारों में विदेशी पूंजी के भारी प्रवाह से घरेलू मुद्रा को समर्थन मिला।विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये में मजबूती मुख्य रूप से रातोंरात अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट से आई है। इससे भारत की आयात लागत और महंगाई को लेकर चिंताएं कम हुई हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में डॉलर के मुकाबले रुपया 93.47 पर खुला और बढ़त हासिल करते हुए 93.27 पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 24 पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को 43 पैसे मजबूत होकर सात महीने के उच्च स्तर 93.51 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 प्रतिशत बढ़कर 103.60 पर रहा।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर बातचीत तेज

- औपचारिक समझौते के बजाय अहम नीतिगत मुद्दों पर जोर

नई दिल्ली ।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय (यूएसटीआर) का एक उच्च-स्तरीय दल इन दिनों दिल्ली में भारतीय अधिकारियों के साथ गहन चर्चा कर रहा है। इन बैठकों का मुख्य एजेंडा बौद्धिक संपदा (आईपी), नियामकीय डेटा संरक्षण, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और वित्तीय सेवाओं जैसे महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दों पर द्विपक्षीय व्यापार वार्ता को आगे बढ़ाना है। अमेरिकी दूतावास ने इन चर्चाओं की पुष्टि करते हुए इसे दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को सुदृढ़ करने का निरंतर प्रयास बताया। यूएसटीआर के सहायक व्यापार प्रतिनिधि डैनियल ली सहित वरिष्ठ अधिकारियों का दल वाणिज्य, वित्त, इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी तथा औषध विभागों के प्रमुख भारतीय अधिकारियों से मिल रहा है। हालांकि, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि ये बातचीत भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार समझौते की औपचारिक वार्ता का हिस्सा नहीं हैं। फिलहाल दोनों देश पहले चरण के द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, जिसमें वस्तुओं के व्यापार, गैर-शुल्क बाधाओं और आर्थिक सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। अमेरिका का मानना है कि बौद्धिक संपदा जैसे मुद्दों पर भारत को गैर-शुल्क बाधाओं को समझौते के बिना भी दूर करना चाहिए।

कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया नया इक्विटी फंड

- बाजार जोखिम से बचाव पर रहेगा जोर

नई दिल्ली ।

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी (कोटक म्यूचुअल फंड) ने अपने स्पेशलाइज्ड इन्वेस्टमेंट फंड (एसआईएफ) प्लेटफॉर्म के तहत इन्फिनिटी इक्विटी लॉन्ग-शॉर्ट फंड लॉन्च किया है। यह एक ओपन-एंडेड इक्विटी निवेश रणनीति है, जिसका मुख्य उद्देश्य शेयरों के सावधानीपूर्वक चयन के माध्यम से लंबी अवधि में पूंजी बढ़ाना और डेरिवेटिव्स का उपयोग करके बाजार के जोखिमों का प्रभावी ढंग से प्रबंधन करना है। इस नए फंड ऑफर (एनएफओ) की अवधि 17 नवंबर से शुरू होकर 1 दिसंबर तक रहेगी। इस फंड में न्यूनतम 10 लाख रुपये का निवेश करना होगा, जो एएमसी की सभी एसआईएफ योजनाओं में पैन स्तर पर लागू होगा। निवेशकों को रोजाना निवेश और निकासी की सुविधा मिलेगी। फंड का बेंचमार्क निफ्टी 100 टीआरआई है, और कल्पेश जैन, रोहित टंडन तथा अभिषेक बिसेन इसके फंड मैनेजर होंगे। यह कोटक म्युचुअल फंड की दूसरी एसआईएफ रणनीति है, इससे पहले कंपनी ने इन्फिनिटी हाइब्रिड लॉन्ग-शॉर्ट फंड लॉन्च किया था। फंड की निवेश रणनीति मुख्य रूप से बड़ी कंपनियों के शेयरों पर केंद्रित होगी, जिसमें कारोबार, विकास की संभावनाओं और उचित वैल्यूएशन के आधार पर शेयरों का चयन होगा। जोखिम को कम करने और निवेश के स्तर को समायोजित करने के लिए डेरिवेटिव्स का सक्रिय उपयोग किया जाएगा। इसमें कवर्ड कॉल और पुट ऑप्शन जैसी रणनीतियों से बाजार के उतार-चढ़ाव को नियंत्रित किया जाएगा। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी के एमडी नीलेश शाह ने कहा कि इक्विटी निवेश में अवसरों के साथ-साथ बाजार में गिरावट के दौरान जोखिम संभालना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन आईपीओ खुला, कृषि क्षेत्र में निवेश का अवसर

- कंपनी का लक्ष्य 455 करोड़ जुटाना, 20 नवंबर तक आवेदन का मौका

नई दिल्ली ।

प्राथमिक बाजार में निवेश के इच्छुक निवेशकों के लिए बुधवार, 18 नवंबर को कृषि-रसायन कंपनी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) खुल गया है। खेती से जुड़े रसायन, फसल सुरक्षा उत्पाद और बीज बनाने वाली यह भारतीय कंपनी इस आईपीओ के जरिए कुल 455.49 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के आईपीओ का प्राइस बैंड 259 से 272 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है, और यह 20 नवंबर तक खुला रहेगा। निवेशकों को कम से कम 55 शेयरों के एक लॉट के लिए आवेदन करना होगा। इस इश्यू में 354.77 करोड़ रुपए के नए इक्विटी शेयर जारी होंगे, जबकि मौजूदा शेयरधारक बिक्री पेशकश (ओएफएस) के जरिए 100.71 करोड़ रुपए के शेयर बेचेंगे। शेयरों का अलॉटमेंट 23 नवंबर को होने की उम्मीद है, और कंपनी के शेयरों की बीएसई और एनएसई पर 26 नवंबर को लिस्टिंग संभव है। बाजार विश्लेषकों ने इस आईपीओ पर मिली-जुली राय दी है। कुछ ब्रोकरेज फर्मों ने कंपनी के विविध कारोबारी क्षेत्रों में मौजूदगी और अनुसंधान व विकास पर जोर को देखते हुए लंबी अवधि के लिए निवेश की सलाह दी है, हालांकि उन्होंने यह भी कहा है कि वैल्यूएशन बहुत सस्ता नहीं है। आईपीओ के अपर प्राइस बैंड पर कंपनी का कुल मार्केट कैप लगभग 4,437.9 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। वहीं, कुछ अन्य फर्मों ने कंपनी की कमाई पर मॉनसून और कृषि उत्पादों की मांग की निर्भरता जैसे जोखिमों के कारण आईपीओ पर न्यूट्रल रेटिंग दी है, हालांकि कंपनी का वित्तीय प्रदर्शन मजबूत रहा है।

महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी को अर्थशॉट पुरस्कार

कंपनी ने अब तक लाखों टन सीओ2 उत्सर्जन रोका

नई दिल्ली ।

महिंद्रा लास्ट माइल मोबिलिटी (एमएलएमएम) को इलेक्ट्रिक वाहनों के माध्यम से प्रदूषण कम करने और छोटे कारोबारियों व चालकों को सशक्त बनाने के उत्कृष्ट प्रयासों के लिए प्रतिष्ठित 'अर्थशॉट पुरस्कार 2026' के 'स्वच्छ हवा' श्रेणी का विजेता घोषित किया गया है।

यह वैश्विक सम्मान कंपनी की पर्यावरण-अनुकूल पहल और सामाजिक समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। कंपनी 10 लाख पाउंड (लगभग 11 लाख अमेरिकी डॉलर) की पुरस्कार राशि का उपयोग समावेशी इलेक्ट्रिक परिवहन को बढ़ावा देने के लिए करेगी। इसमें महिला चालकों को प्रशिक्षण देना, उन्हें किफायती वित्तपोषण उपलब्ध कराना, कम सुविधाओं वाले क्षेत्रों में चार्जिंग ढांचे का विस्तार करना और इलेक्ट्रिक रिक्शा को व्यापक समुदायों तक पहुंचाना शामिल है। एमएलएमएम ने अब तक चार लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन बेचे हैं, जिससे 1.85 लाख टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन रोकने में मदद मिली है।

भारत को कोकिंग कोयले की चिंता नही नवीन जिंदल

यूरोप 2035 के बाद ब्लास्ट फर्नेस से हटेगा, भारत में जारी निर्माण से होगी उपलब्धता सुनिश्चित

नई दिल्ली ।

भारतीय इस्पात संघ के अध्यक्ष नवीन जिंदल ने बुधवार को कहा कि यूरोप और अमेरिका जैसे प्रमुख इस्पात उत्पादक देश 2035 तक ब्लास्ट फर्नेस से दूर हो रहे हैं, ऐसे में भारत में जारी इन फर्नेस के निर्माण से भविष्य में कोकिंग कोयले की उपलब्धता सुनिश्चित होगी।

यह एक महत्वपूर्ण राहत होगी, क्योंकि भारत अपनी कोकिंग कोयले की लगभग 90 प्रतिशत जरूरत आयात से पूरी करता है। नवीन जिंदल ने आईएसए कमिंग कोल समिट में बताया कि जहां वैश्विक स्तर पर अमेरिका और यूरोप में ब्लास्ट फर्नेस बंद किए जा रहे हैं, वहीं भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां अब भी बड़े ब्लास्ट फर्नेस स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि चीन के पास भी बड़ी क्षमता है, लेकिन वह इसे धीरे-धीरे कम कर रहा है। यह वैश्विक बदलाव भारत के लिए शुभ संकेत है, क्योंकि कोकिंग कोयला लोहा और इस्पात उत्पादन में इस्तेमाल होने वाला एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। यह घरेलू इस्पात कंपनियों द्वारा अपनाई जाने वाली ब्लास्ट फर्नेस-बेसिक ऑक्सीजन फर्नेस प्रक्रिया का अभिन्न अंग है। जिंदल के अनुसार, यूरोप 2035 के बाद पूरी तरह से ब्लास्ट फर्नेस तकनीक से हट जाएगा और अमेरिका भी इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

अदाणी एयरपोर्ट्स ने लॉन्च किया अदाणी रिवॉर्ड्स

- मुंबई, जयपुर सहित आठ एयरपोर्ट्स पर सुविधा उपलब्ध

जयपुर ।

अदाणी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड (एएएचएल) ने यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से अदाणी रिवॉर्ड्स नामक एक नया और उन्नत सदस्यता कार्यक्रम शुरू किया है। मुंबई, नवी मुंबई, जयपुर, अहमदाबाद, लखनऊ, गुवाहाटी, मंगलुरु और तिरुवनंतपुरम सहित कंपनी द्वारा संचालित आठ हवाई अड्डों पर यह सुविधा उपलब्ध होगी, जिसके तहत सदस्य सालाना 65,000 रुपये तक के आकर्षक लाभ प्राप्त कर सकते हैं। यह नया कार्यक्रम अदाणी वन ऐप के साथ एकीकृत है और सदस्यता की श्रेणी के आधार पर कई प्रकार की सुविधाएं प्रदान करता है। इनमें खरीदारी और खानपान पर विशेष छूट, एयरपोर्ट लाउंज में निःशुल्क प्रवेश, सुरक्षा जांच के लिए प्राथमिकता, सुविधाजनक पार्किंग विकल्प और यात्रियों को उनकी आवश्यकतानुसार विशेष हवाई अड्डा सहायता शामिल हैं। एएएचएल के एक अधिकारी ने इस पहल पर टिप्पणी करते हुए कहा कि पिछले अदाणी रिवॉर्ड्स 1.0 कार्यक्रम को मिली शानदार प्रतिक्रिया (70 लाख सदस्यों) ने यह दर्शाया कि यात्रियों की रुचि अब केवल हवाई यात्रा तक सीमित नहीं है, बल्कि वे हवाई अड्डों पर मिलने वाली सेवाओं से भी गहरा जुड़ाव चाहते हैं। उन्होंने बताया कि यह उन्नत कार्यक्रम यात्रा, खुदरा खरीदारी, खानपान और आतिथ्य सेवाओं से जुड़े सभी लाभों को एक ही मंच पर एकीकृत करता है, जिससे यात्रियों को एक सहज और समृद्ध अनुभव मिल सके। यह कार्यक्रम हवाई अड्डे को सिर्फ एक ट्रांजिट पॉइंट नहीं, बल्कि एक जीवनशैली गंतव्य के रूप में स्थापित करने की कंपनी की रणनीति का हिस्सा है।



एससीओ मीटिंग से पूर्व पाक मंत्री मुसादिक मलिक बोले

उम्मीद है आप दोबारा गिला नहीं करेंगे, बना रहेगा आना-जाना

एससीओ के ढांचे में होने वाली चर्चाएं पूरे क्षेत्र से जुड़ी होती है

● नई दिल्ली

भारत दौरे पर आए पाक के जलवायु मंत्री मुसादिक मसूद मलिक ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि भारत दोबारा उनके आने-जाने को लेकर शिकायत नहीं करेगा और दोनों देशों के बीच संपर्क बना रहेगा। दिल्ली में आयोजित पहले एससीओ सिविलाइजेशनल डायलॉग फोरम में शामिल होने पहुंचे मलिक ने यह बात मीडिया से बातचीत के दौरान कही। मुसादिक मलिक ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि आप दोबारा गिला नहीं करेंगे और हमारा आना-जाना रहेगा। उनके इस बयान को भारत-पाक संबंधों और मौजूदा राजनीतिक माहौल के संदर्भ में देखा जा रहा है।

एससीओ मंच पर क्षेत्रीय शांति और वार्ता की वकालत: पाक मंत्री ने पूरे क्षेत्र में शांति और स्थिरता की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एससीओ के ढांचे में होने वाली चर्चाएं पूरे क्षेत्र से जुड़ी होती हैं। उनके मुताबिक, इस समय क्षेत्र कई जटिल भू-राजनीतिक चुनौतियों और अस्थिरता के अलग-अलग केंद्रों से गुजर रहा है। ऐसे में अलग-अलग देशों के प्रतिनिधियों का एक साथ बैठना और वार्ता करना हालात को बेहतर बनाने में मदद कर सकता है। उन्होंने दावा किया कि जब भी क्षेत्र में अस्थिरता पैदा हुई है, पाक ने रचनात्मक भूमिका निभाने की कोशिश की है।



एक-दूसरे का नजरिया समझना जरूरी

मलिक ने दिल्ली में आयोजित बैठक को उपयोगी बताया। विभिन्न देशों से आए प्रतिनिधियों के साथ वार्ता से एक-दूसरे को समझने का मौका मिलेगा। अगर देश एक-दूसरे के विचारों और नजरिए को समझने की कोशिश नहीं करेंगे और हर किसी को केवल अपने दृष्टिकोण से देखेंगे, तो बातचीत आगे नहीं बढ़ सकती।

मुसादिक को ताज के दीदार की मंजूरी निजामुद्दीन दरगाह की गुजारिश ठुकराई

मुसद्दिक मसूद मलिक की आगरा में ताज देखने की गुजारिश को केंद्र की मंजूरी मिल गई है। वे नई दिल्ली स्थित पाक उच्चायोग के अफसरों के साथ ताज का दौरा करेंगे। हालांकि, नई दिल्ली में निजामुद्दीन औलिया दरगाह जाने की उनकी एक और गुजारिश को ठुकरा दिया गया है। हालांकि उनके ताज महल दौरे को लेकर भी संशय है और यह पूरी तरह से सिक्योरिटी क्लीयरेंस पर निर्भर करता है। अगर सबकुछ ठीक रहा तो वे नई दिल्ली स्थित पाक उच्चायोग के अफसरों संग ताजमहल का दौरा करेंगे।

सीमापार से आतंकवाद के सवाल पर टालमटोल: तीन दिवसीय इस कार्यक्रम में पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मलिक ने सीमा पार आतंकवाद - खासकर पाकिस्तान की जमीन से होने वाले आतंकवाद - को लेकर भारत की पुरानी चिंताओं पर सीधा जवाब देने से टालमटोल की। उन्होंने बस इतना कहा, मुझे लगता है कि कल, जब मैं अपना बयान दूंगा, तब हम इस पर काफी बातचीत कर सकेंगे।

नेपाली पीएम शाह रविवार को दो दिनी भारत यात्रा पर आएंगे

पीएम संग होगी द्विपक्षीय वार्ता



नई दिल्ली, आरएनएन। नेपाल के पीएम बालेंद्र शाह बहु प्रतीक्षित यात्रा पर रविवार को यहां आएंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि शाह भारत की दो दिन की राजकीय यात्रा पर कल यहां आ रहे हैं। इस वर्ष मार्च में पीएम पद संभालने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा होगी। पीएम नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर हो रहे इस दौरे में दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों और आपसी हितों से जुड़े क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा होगी।

यात्रा के दौरान नेपाल के पीएम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। सोमवार को वह मोदी के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इस दौरान भारत-नेपाल संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा की जाएगी और दोनों देशों के बीच सहयोग को आगे बढ़ाने पर विचार होगा। भारत और नेपाल के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सभ्यतागत जुड़ाव के साथ-साथ मजबूत जनसंपर्क पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच व्यापार, विकास साझेदारी, ऊर्जा, जल संसाधन और भौतिक एवं डिजिटल संपर्क जैसे क्षेत्रों में सहयोग आगे बढ़ा है। इसके अलावा स्टार्टअप, प्रौद्योगिकी, नवाचार और खेल जैसे नए क्षेत्रों में भी दोनों देशों की भागीदारी बढ़ रही है। यह यात्रा दोनों देशों के बीच नियमित उच्चस्तरीय मुलाकातों की परंपरा को आगे बढ़ाएगी।

बांग्लादेश में अब मंत्री निशाने पर

विदेश राज्य मंत्री कबीर के घर के बाहर लगाई आग

● ढाका

बांग्लादेश में राजनीतिक हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार रात को उपद्रवियों ने एक बार फिर से उत्पात मचाया है। राजनीतिक तनाव के बीच विदेश राज्य मंत्री हुमायूं कबीर के सिलहट स्थित घर के बाहर आग लगाने की घटना सामने आई है। गुरुवार देर रात कुछ अज्ञात लोगों ने उनके घर के मुख्य गेट के सामने कपड़ों में आग लगा दी। हालांकि इस घटना में किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आग लगाने वालों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। प्रथम आलो की रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना सिलहट शहर के दरियापारा इलाके में हुई।

रात 3 से 4 बजे के बीच हुई घटनाः सिलहट मेट्रोपॉलिटन पुलिस के डिप्टी कमिश्नर अफजल हुसैन ने बताया कि गुरुवार देर रात करीब 3 से 4 बजे के बीच यह घटना हुई। उपद्रवियों ने घर के मुख्य गेट के सामने कपड़ों के कुछ टुकड़ों में आग लगा दी थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक आग लगने की सूचना मिलने के बाद टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।



सरकार हसीना को वापस नहीं आने देना चाहती

बता दें कि बांग्लादेश में लंबे समय बाद अवामी लीग सक्रिय हुआ है। अवामी लीग पूर्व पीएम शेख हसीना की सुरक्षित वापसी की मांग कर रहा है। लेकिन बांग्लादेश की तारिक रहमान सरकार शेख हसीना को किसी कीमत पर वापस नहीं आने देना चाहती है। गुरुवार दिन भर अवामी लीग के सदस्यों ने हिंसक प्रदर्शन किया है। बता दें कि बांग्लादेश की मौजूदा सरकार ने अवामी लीग को बैन कर दिया है घटना की जानकारी मिलने के बाद सिलहट विकास प्राधिकरण के चेयरमैन रेजाउल हसन कोयेस लुधी भी शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे मौके पर पहुंचे। वह सिलहट शहर बीएनपी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने घटना को लेकर कहा कि यहां कोई बड़ी आगजनी नहीं हुई और न ही कोई व्यक्ति घर के भीतर दाखिल हुआ।

सीनेट रिपब्लिकन ने ईरान युद्ध समाप्त करने वाले बिल को नकारा

● वाशिंगटन / आरएनएन

रिपब्लिकन नेतृत्व वाली अमेरिकी सीनेट ने गुरुवार को उस विधेयक को अस्वीकार कर दिया, जिसमें राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को ईरान में युद्ध समाप्त करने या सैन्य अभियान जारी रखने के लिए कांग्रेस की मंजूरी लेने की आवश्यकता होती। सीनेट ने इस युद्ध शक्ति प्रस्ताव को 51 के मुकाबले 48 मतों से खारिज कर दिया, जिसमें वोटिंग काफी हद तक पार्टी लाइनों के अनुसार रहा। यह प्रस्ताव इससे पूर्व हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में पास हो चुका था।

यह वोटिंग 3 नवंबर के मध्यावधि चुनावों में डेमोक्रेटिक पार्टी की जीत के बाद इस संघर्ष पर कांग्रेस की पहली कार्रवाई थी। रिपब्लिकन सीनेटरों ने फरवरी के अंत में शुरू हुए अमेरिका-इजरायल के ईरान के खिलाफ युद्ध में ट्रंप का समर्थन किया। डेमोक्रेट्स का तर्क था कि ट्रम्प ने बिना कोई स्पष्ट रणनीति प्रस्तुत किए देश को एक लंबे संघर्ष में झोंक दिया होगा।



यूएस संविधान के तहत युद्ध की घोषणा करने का अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, बल्कि कांग्रेस को है। डेमोक्रेट्स ने संकेत दिया है कि जब वे 2027 में हाउस और सीनेट में बड़े बहुमत के साथ सत्ता संभालेंगे, तो युद्ध समाप्त करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी।

मुख्यमंत्री योगी की मां सावित्री देवी का निधन



देहरादून/लखनऊ। उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ की मां सावित्री देवी (91) का शुक्रवार को निधन हो गया। उन्होंने उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित अपने पैतृक गांव पंचूर में सुबह 11 बजे अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को हरिद्वार में किए जाने की संभावना है। सीएम योगी को मां के निधन की सूचना उस समय मिली, जब वह गोरखपुर में एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सावित्री देवी लंबे समय से अस्वस्थ थीं और पैतृक गांव में ही उनका उपचार चल रहा था। सावित्री देवी के पति एवं मुख्यमंत्री के पिता आनंद सिंह बिष्ट का वर्ष 2020 में 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। सावित्री देवी के परिवार में चार पुत्र और तीन पुत्रियां हैं। योगी आदित्यनाथ के अलावा उनके पुत्रों में महेंद्र सिंह, शैलेंद्र मोहन और मनीष सिंह तथा पुत्रियों में पुष्पा देवी, कौशल्या देवी और शशि देवी शामिल हैं। योगी ने इसी वर्ष मई में उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे के दौरान अपने पैतृक गांव पंचूर पहुंचकर मां से मुलाकात की थी और उनका आशीर्वाद लिया था।

ट्रम्प ने यूक्रेन की फंडिंग रोकने को यूरोप से कहा

बर्लिन में जुटे यूरोपीय नेताओं से फोन पर की बात

● वाशिंगटन / आरएनएन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चीन में रूसी नेता व्लादिमीर पुतिन से बातचीत करने के बाद यूरोपीय नेताओं से यूक्रेन को पैसे भेजने से रोकने का कथित तौर पर आग्रह किया है।

हाल ही में ट्रम्प ने बर्लिन में 'कोएलिशन ऑफ द विलिंग' की बैठक के लिए जुटे यूरोपीय नेताओं से फोन पर बात की। इस बातचीत में ट्रम्प ने तर्क दिया कि अगर यूक्रेन को दी जाने वाली मदद बंद कर दी जाए, तो यूरोप के बहुत सारे पैसे बचेंगे। दिलचस्प बात यह है ट्रम्प के शांति प्रस्तावों में रूस की कुछ मांगें शामिल होने के बावजूद, पुतिन भी उनसे सहमत नहीं हैं। यूरोपीय संघ (ईयू) 2027 तक यूक्रेन को दी जाने वाली फंडिंग में 70 अरब यूरो की कमी को पूरा करने के लिए पहले से ही संघर्ष कर रहा है। इसी बीच, राजनीतिक माहौल भी बदल रहा है। फ्रांस में राष्ट्रपति पद की दौड़ में सबसे आगे चल रहीं मरीन ले पेन यूक्रेन को मदद बंद करना चाहती हैं।

वहीं, जर्मनी में 'अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी' पार्टी मजबूत हो रही है और माना जा रहा है कि उसके पास चांसलर का पद जीतने की वास्तविक संभावना है। ट्रम्प के दबाव और अपने देशों में इन बदलावों के चलते, यूक्रेन के लिए यूरोप का समर्थन पहले से कहीं ज़्यादा अनिश्चित दिख रहा है।

अमेरिकी साइबर निदेशक सीन केयर्नक्रॉस बर्खास्त



वाशिंगटन, आरएनएन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रीय साइबर निदेशक सीन केयर्नक्रॉस को पद से हटा दिया है। देश भर में हवाई यात्रा, बैंकिंग सेवाओं और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रणालियों को बाधित करने वाले कई तकनीकी व्यवधानों के बीच प्रशासन की प्रतिक्रिया को लेकर बढ़ती जांच के बाद यह कदम उठाया गया है।

केयर्नक्रॉस साइबर सुरक्षा नीति और रणनीति के मामले में यूएस राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रमुख सलाहकार थे। अमेरिका के कई मीडिया संस्थानों की खबरों के अनुसार, साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में उनकी मजबूत विशेषज्ञता नहीं होने के कारण राष्ट्रपति ने उन्हें पद से हटाए जाने का समर्थन किया था। पिछले सप्ताह आए तकनीकी व्यवधानों के दौर के बाद से राष्ट्रीय साइबर निदेशक को हटाया जाना ट्रंप प्रशासन का पहला बड़ा कार्मिक बदलाव है। इन व्यवधानों में माइक्रोसॉफ्ट की वैश्विक सेवा ठप होना शामिल है।

नई पहल: मरीजों को समुद्र तट पर सैर



स्पेन के बार्सिलोना शहर में हॉस्पिटल डेल मार में शुक्रवार को 'मानवीकरण' पहल के तहत मरीजों को आईसीयू से निकालकर समुद्र तट पर सैर कराई जा रही है। माना जा रहा है इससे उनका स्वास्थ्य जल्द बेहतर होता है।

पन्नू हत्या केस में निखिल गुप्ता को 235 माह की कैद

न्यूयॉर्क, आरएनएन। भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता को अमेरिकी धरती पर एक सिख चरमपंथी की हत्या की सुपारी देने की साजिश में शामिल होने के मामले में शुक्रवार को अमेरिकी संघीय अदालत के एक जज ने 235 महीने (करीब 19 साल सात माह) कैद की सजा सुनाई।



न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के अमेरिकी जिला न्यायाधीश विक्टर मारेरो ने सजा सुनाई। खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश से जुड़े आरोपों को गुप्ता (55) ने इस साल की शुरुआत में न्यूयॉर्क में स्वीकार कर लिया था। इनमें सुपारी देकर हत्या कराने, इसकी साजिश रचने और धनशोधन की साजिश रचने के आरोप शामिल हैं।

20 साल पुराने जहाज भी भारतीय बेड़े में शामिल होंगे

केंद्र सरकार ने बदले शिपिंग के नियम, जहाजों की जांच के बाद समिति करेगी फैसला

● नई दिल्ली

भारत ने अपनी समुद्री परिवहन क्षमता बढ़ाने और विदेशी जहाजों पर निर्भरता घटाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने भारतीय झंडे के तहत जहाजों के रजिस्ट्रेशन से जुड़े नियमों में ढील दी है। अब 20 साल से ज्यादा पुराने जहाज भी भारतीय रजिस्टर में शामिल हो सकेंगे। हालांकि, इसके लिए कुछ शर्तें पूरी करनी होंगी और संबंधित जहाजों को विशेषज्ञ समिति की मंजूरी लेनी होगी।

आदेश के मुताबिक, 15 से 20 साल पुराने तेल टैंकरों को भारतीय रजिस्टर में शामिल करने या भारतीय झंडे के तहत संचालन की अनुमति देने के लिए नए मानक तय किए गए हैं। वहीं, 20 साल से अधिक पुराने तेल टैंकर, सामान्य मालवाहक जहाज और ऑफशोर फ्लीट के जहाजों को भारतीय बेड़े में शामिल करने का फैसला पांच सदस्यीय समिति करेगी। यह समिति जहाजों की गुणवत्ता और उनकी स्थिति की जांच के बाद मंजूरी देगी। अब तक 20 साल से अधिक पुराने जहाजों को भारतीय झंडे के तहत रजिस्ट्रेशन की अनुमति नहीं थी। नए नियमों में इस पाबंदी को हटा दिया गया है। खास बात यह है कि भारतीय झंडे के तहत पहले से संचालित जहाजों के लिए अधिकतम उम्र की कोई सीमा भी तय नहीं की गई है। भारत अपनी जरूरत के तेल, गैस और दूसरे जरूरी सामानों के आयात के लिए बड़े पैमाने पर विदेशी शिपिंग कंपनियों पर निर्भर है। ऐसे में नए नियमों से देश के घरेलू जहाज बेड़े का विस्तार होने की उम्मीद है।



क्या होगा फायदा

इस फैसले का एक आर्थिक और रणनीतिक फायदा भी होगा। सरकारी विभागों और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के कार्गो यानी माल ढुलाई के ठेके देने में भारतीय झंडे वाले जहाजों को प्राथमिकता मिलती है। विदेशी झंडे वाले जहाजों पर विचार करने से पहले भारतीय जहाजों को मौका दिया जाता है। ऐसे में नियमों में ढील से भारतीय शिपिंग कंपनियों के लिए कारोबार के नए अवसर भी पैदा हो सकते हैं।

तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर जलेगा कार्तिगई दीपम

सुप्रीम कोर्ट से एक बार के लिए मिली छूट, तमिलनाडु सरकार ने जताई थी आपत्ति

● नई दिल्ली

तमिलनाडु के मदुरै स्थित तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर कार्तिगई दीपम जलाने को लेकर चल रहे विवाद में सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया है। कोर्ट ने 24 नवंबर को पहाड़ी पर स्थित दीपथून (पत्थर के दीप स्तंभ) पर दीप जलाने की अनुमति दे दी है। हालांकि, यह अनुमति केवल एक बार के लिए दी गई है। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति विपुल एम. पंचोली की पीठ ने कहा कि दीप जलाने के लिए केवल मंदिर प्रशासन के अधिकृत लोगों और सरकारी अधिकारियों को ही वहां जाने की अनुमति होगी। अदालत ने जरूरत पड़ने पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने का निर्देश भी दिया है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी है, जिसमें पहाड़ी पर पारंपरिक कार्तिगई दीपम जलाने की अनुमति दी गई थी।



खुल सकता है हजारों सर्व स्तंभों को पहचान मिलने का रास्ता

सुनवाई में सरकार ने दलील दी थी कि दरगाह के पास स्थित पत्थर के स्तंभ पर दीप जलाने की अनुमति देने से देशभर में ऐसे हजारों स्तंभों को धार्मिक पहचान मिलने का रास्ता खुल सकता है। अरुलमिगु सुब्रमणियास्वामी मंदिर में कार्तिगई दीपम को लेकर विवाद है। मामला इस बात पर है कि तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर दीपम कहां और किसके द्वारा जलाया जाना चाहिए। कई दशकों से यह दीपम पहाड़ी की निचली ढलान पर स्थित उचिपिल्लैयार मंदिर के पास दीप मंडपम में जलाया जाता रहा है।

आज का इतिहास

- 1517- बहलोल लोदी का पुत्र और दिल्ली का सुल्तान सिकन्दर शाह लोदी का निधन।
- 187- कवि और स्वतंत्रता सेनानी केसरी सिंह बारहट का जन्म।
- 1877- प्रसिद्ध वैज्ञानिक थॉमस अल्वा एडिसन ने विश्व के सामने पहला फोनोग्राफ पेश किया।
- 1906- चीन ने अफीम के व्यापार पर रोक लगाई।
- 1914- भारत की प्रसिद्ध महिला क्रांतिकारियों में से एक उज्ज्वला मजूमदार का जन्म।
- 1921- प्रिंस ऑफ वेल्स (सम्राट एडवर्ड अष्टम) बॉंबे (अब मुंबई) पहुंचे और कांग्रेस ने देशव्यापी हड़ताल का ऐलान किया।

कार्यक्रम 57 वें फिल्म फेस्टिवल मे देश-विदेश के फिल्मी हस्तियों प्रेमियों का जमावड़ा लगा

गोवा: नौ दिन चलने वाले आईएफएफआई की शुरुआत

● पणजी



57वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (आईएफएफआई) का भव्य शुभारंभ शुक्रवार को गोवा में हो गया है। यह नौ दिवसीय सिनेमाई उत्सव 20 से 28 नवंबर 2026 तक चलेगा, जिसमें देश-विदेश की दिग्गज फिल्मी हस्तियां और सिनेमा प्रेमी जुटे हैं।

तालेगांव स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी इंडोर स्टेडियम में गोवा के सीएम डॉ. प्रमोद सावंत और महोत्सव निदेशक व फिल्म निर्माता आशुतोष गोवारिकर ने दीप प्रज्वलित कर इसका उद्घाटन किया। समारोह में अभिनेता व सांसद रवि किशन, प्रसार भारती के अध्यक्ष प्रसून जोशी, कार्तिक आर्यन, श्रद्धा कपूर, साई पल्लवी, मधुर भंडारकर और आनंद एल. राय सहित कई नामी कलाकार शामिल हुए। ग्रैमी पुरस्कार विजेता रिकी केज ने अपने सिम्फनी ऑर्केस्ट्रा की विशेष प्रस्तुति दी। इस वर्ष इफ्फी की थीम सरहदों से परे की कहानियां रखी गई है, जो भौगोलिक और सांस्कृतिक सीमाओं से ऊपर उठकर वैश्विक सिनेमा को जोड़ने का संदेश देती है।

76 फिल्मों का होगा प्रदर्शन

86 देशों की 150 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों और 18 भारतीय भाषाओं की 76 फिल्मों (इंडियन पैनोरमा) की स्क्रीनिंग की जा रही है। महोत्सव की शुरुआत पोलिश फिल्म निर्माता पावेल पावलिकोव्स्की की फिल्म 'फादरलैंड' से हुई है, जबकि समापन सिंगापुर की फिल्म 'वी आर ऑल स्ट्रेंजर्स' से होगा। नए खंड और वेव्स फिल्म बाजारै। इस साल 'फिल्म्स अबाउट फिल्म्स' और 'एनीमेशन' नाम से दो नए खंड जोड़े गए हैं। साथ ही, फिल्म निर्माताओं और निवेशकों को जोड़ने के लिए एनएफडीसी द्वारा वेव्स फिल्म बाजार के 20वें संस्करण का आयोजन भी किया जा रहा है।

आतंकियों से बरामद कैमरे पर चीन ने कुछ नहीं कहा

पहलगाम नरसंहार में जुटाए फोरेंसिक सबूत

● नई दिल्ली

एनआईए के डीजी राकेश अग्रवाल ने शुक्रवार को बताया कि पहलगाम नरसंहार 2026 के लिए जिम्मेदार आतंकियों से अमेरिका में बना एक गोप्रो कैमरा बरामद हुआ था, और इस संबंध में भारत के अनुरोध पर चीन ने अभी तक कोई जवाब नहीं दिया है।

अग्रवाल ने कहा कि जांचकर्ताओं ने इस मामले में कुछ फोरेंसिक सबूत जुटाए हैं। अग्रवाल ने कहा कि में अब तक कोई जवाब नहीं मिला है... लेकिन हमारे पास कुछ फोरेंसिक सबूत हैं। उनसे पूछा गया कि क्या एजेंसी को उस उपकरण के संबंध में चीनी अधिकारियों से कोई संदेश मिला है।

वैन डाइक मामले की हो रही जांच

एनआईए प्रमुख राकेश अग्रवाल ने कहा कि जांचकर्ता इस बात का पता लगाने आंकड़ों की छानबीन कर रहे हैं कि यूएस नागरिक मैथ्यू आरोन वैन डाइक द्वारा कथित तौर पर उग्रवादियों को दिए ट्रेनिंग से किसी भारतीय उग्रवादी समूह को लाभ हुआ था या नहीं। वैन डाइक और छह यूक्रेनियों को 2026 की शुरुआत में एनआईए ने गिरफ्तार किया था।

यूएई जाकर NIA करेगी पूछताछ

● नई दिल्ली

एनआईए ने फ्लाई दुबई के पायलट स्मित मच्छार से जुड़े हवा में हुए हमले की जांच के सिलसिले में, यूएई से कुछ दस्तावेज मांगे हैं और साथ ही कुछ लोगों से पूछताछ करने की अनुमति भी मांगी है।

पायलट पर हुए हमले की जांच मामला

शीर्ष अधिकारी ने बताया कि जांच एजेंसी उड़ान के ओमानी फर्स्ट ऑफिसर के भारत से जुड़े किसी भी सुराग की भी जांच करेगी। इस ऑफिसर ने उड़ान के दौरान कैप्टन मच्छार को चाकू मार दिया था, जो संभवतः विमान को हाईजैक करने या इजराइल जा रहे इस विमान को दुर्घटनाग्रस्त करने की कोशिश थी।

THE UNCOVERED UPDATE
सच जो छुपा था, अब सामने है
हिन्दी समाचार पत्र
राजस्थान अपडेट
धरोहर, विकास और जनहित की खबर
| Digital Edition | RJHIN/25/A4779
शनिवार, 21 नवंबर, 2026

स्पीकर देवनानी से केरलम विधान सभा की युवा एवं युवा कल्याण समिति के सदस्यों ने की शिष्टाचार भेंट

देवनानी ने विधान सभा के नवाचारों और परम्पराएं साझा की



द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी से शुक्रवार को विधान सभा में केरलम विधानसभा की युवा एवं युवा कल्याण समिति के सदस्?यों ने विधानसभा में शिष्टाचार भेंट की। श्री देवनानी ने समिति के सदस्यों का अभिनन्?दन कर विधान सभा का लोगो भेंट किया। केरलम विधानसभा की युवा एवं युवा कल्याण समिति के सभापति श्री सनीश कुमार जोसफ ने स्?पीकर श्री देवनानी को केरलम विधान सभा की नियमावली भेंट की। श्री देवनानी ने भी श्री जोसफ को राजस्?थान विधान सभा का साहित्?य भेंट किया।

विधानसभा अध्यक्ष श्री देवनानी ने संसदीय परंपराओं, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा विधायी संस्थाओं की भूमिका से जुड़े विभिन्न विषयों पर केरलम विधान सभा के सदस्?यों से विचार-विमर्श किया। केरलम विधानसभा की युवा एवं युवा कल्याण समिति ने राजस्थान विधानसभा के सदन, भवन एवं संग्रहालय का अवलोकन किया। समिति के सदस्यों ने विधानसभा की कार्यप्रणाली, सदन की गरिमा, स्थापत्य कला एवं संसदीय परंपराओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। सदस्यों ने राजस्थान के राजनीतिक इतिहास, लोकतांत्रिक विकास, ऐतिहासिक घटनाओं तथा प्रदेश की संसदीय यात्रा से संबंधित प्रदर्शित सामग्री का अवलोकन किया और संग्रहालय की सराहना की।इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने राजस्थान विधानसभा की समृद्ध संसदीय परंपराओं एवं ऐतिहासिक धरोहर को सराहनीय बताया। इस मौके पर केरलम विधानसभा की युवा एवं युवा कल्याण समिति के सदस्?य श्री संदीप वारियर, श्री टी.पी अशरफ अली, श्री वी.एस. जॉय मौजूद थे।

खान विभाग: लक्ष्यानुसार राजस्व संग्रहण पर फोकस,

अधिकारियों को फील्ड में सक्रिय होने के निर्देश-एसीएस माइंस श्रीमती अरोरा

-राजस्व संग्रहण के प्रयास परिणाम में हो परिलक्षित

-विभागीय मोनेटरिंग व्यवस्था होगी चाक चोबंद

द अनकवर्ड अपडेट

जयपुर। अतिरिक्त मुख्य सचिव खान एवं पेट्रोलियम श्रीमती अपर्णा अरोरा ने खान विभाग के फील्ड अधिकारियों को लक्ष्यानुसार शत-प्रतिशत राजस्व संग्रहित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्व संग्रहण के सभी संभावित क्षेत्रों को चिन्हित कर वसूली के कारगर प्रयास किये जाने हैं। खान विभाग का फोकस राजस्व लक्ष्यों को अर्जित करना है और इसके लिए विभागीय अधिकारियों को फील्ड में अधिक सक्रिय होने के साथ ही लीकेज के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जानी है।

एसीएस खान श्रीमती अपर्णा अरोरा शुक्रवार को खनिज भवन में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रही थी। विभाग द्वारा गत वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में अक्टूबर तक 12.98 प्रतिशत विकास दर के साथ करीब 809 करोड़ रूपये का अधिक राजस्व संग्रहण किया है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य बड़ा है, इसे चुनौती के रुप में लेते हुए राजस्व लक्ष्यों के अनुसार राशि संग्रहण के लिए समन्वित व ठोस प्रयास करने होंगे। फील्ड अधिकारियों द्वारा राजस्व अर्जन के लिए किये जाने वाले प्रयास परिणाम में परिलक्षित होने चाहिए।

श्रीमती अरोरा ने विभागीय मोनेटरिंग व्यवस्था को चाक चोबंद करने और खान निदेशालय स्तर पर राजस्व संग्रहण की नियमित समीक्षा की आवश्यकता प्रतिपादित की। माइनर और मेजर मिनरल ब्लॉकों की ऑक्शन प्रगति की समीक्षा करते हुए मेजर मिनरल के ऑक्शन कैलेण्डर की तरह ही माइनर मिनरल ब्लॉकों के ऑक्शन का भी रोडमैप बनाकर आगामी माहों में नीलामी में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा माइनिंग ब्लॉकों के ऑक्शन से केवल राजस्व संग्रहण ही नहीं होता अपितु वैध खनन को बढ़ावा और अवैध खनन पर भी कारगर रोक हो पाती है। इसके अलावा माइनिंग सेक्टर में निवेश और रोजगार के अवसर विकसित होते हैं।बैठक में राज्य सरकार द्वारा माइनिंग सेक्टर में किये गये ऑटोमाइजेशन की प्रगति, तुलाई कांटों और वीटीएस के ऑटोमाइजेशन का औचक निरीक्षण व अवैध खनन, परिवहन और भण्डारण पर सख्ती से कार्रवाई की आवश्यकता प्रतिपादित की।

बैठक में विशिष्ट सचिव श्रीमती नम्रता वृष्णि, उपसचिव श्री राकेश कुमार, निदेशक माइंस श्री एमपी मीणा, ओएसडी डॉ. अनुज सक्सेना, श्री श्रीकृष्ण शर्मा, अतिरिक्त निदेशक श्री महेश माथुर, श्री वाईएस सहवाल, श्री बीएस सोढ़ा, एडीजी श्री आलोक प्रकाश जैन, एसएमई श्री जय गुरुबख्सानी, श्री एनएस शक्तावत, श्री डीपी गौड़, श्री एसपी शर्मा, श्री अविनाश कुलदीप, श्री ओपी काबरा, श्री सुनील शर्मा, श्री प्रताप मीणा, श्री एनके बैरवा, अधीक्षण भूवैज्ञानिक श्री संजय सक्सेना, श्री सुनील कुमार वर्मा, एडी आईटी श्रीमती शीतल अग्रवाल, वित्तीय सलाहकार श्री सुरेश अग्रवाल, खनि अभियंताओं ने हिस्सा लिया।

गृह रक्षा विभाग की राज्य स्तरीय कमांडेंट कॉन्फ्रेंस में स्वयंसेवकों के नियोजन को बढ़ाने पर जोर

-महानिदेशक अनिल पालीवाल ने जिला समादेष्टाओं से किया सीधा संवाद, ड्यूटी रोटेशन में पारदर्शिता, अनुशासन और महिला स्वयंसेवकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

द अनकवर्ड अपडेट



जयपुर। गृह रक्षा विभाग, राजस्थान की राज्य स्तरीय कमांडेंट कॉन्फ्रेंस गुरुवार 19 नवंबर को केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान (सीटीआई), फतेहपुरा बेगस, जयपुर में आयोजित हुई। महानिदेशक एवं महासमादेष्टा गृह रक्षा श्री अनिल पालीवाल (आईपीएस) की अध्यक्षता में आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में विभाग के प्रशासनिक, वित्तीय एवं कार्यप्रणाली से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गई। बैठक में स्वयंसेवकों के नियोजन में वृद्धि, पारदर्शी ड्यूटी रोटेशन और जिला इकाइयों में अनुशासन सुदृढ़ करने पर विशेष जोर दिया गया।

जिला समादेष्टाओं से किया सीधा संवाद, समस्याओं के समाधान के दिए निर्देश-

कॉन्फ्रेंस के दौरान महानिदेशक एवं महासमादेष्टा श्री पालीवाल ने प्रदेश के विभिन्न जिला प्रशिक्षण केन्द्रों से आए समादेष्टाओं के साथ व्यक्तिगत संवाद किया। उन्होंने क्षेत्रीय स्तर पर कार्य संचालन में आ रही समस्याओं और चुनौतियों के बारे में जानकारी ली तथा समादेष्टाओं से सुझाव प्राप्त किए। साथ ही समस्याओं के त्वरित एवं व्यावहारिक समाधान के लिए आवश्यक मार्गदर्शन और दिशा-निर्देश दिए।

स्वयंसेवकों के नियोजन में वृद्धि और पारदर्शी ड्यूटी रोटेशन पर जोर-

बैठक में सरकारी विभागों, सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू), निजी कंपनियों एवं प्रतिष्ठानों में गृह रक्षा स्वयंसेवकों के नियोजन के अवसर बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई। इसके लिए ऑनलाइन नियोजन सॉफ्टवेयर एचडीएमएस का प्रभावी उपयोग करने तथा ड्यूटी रोटेशन प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए गए। जिला इकाइयों में अनुशासन सुदृढ़ करने, ड्यूटी रोटेशन संबंधी आदेशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करने और विभागीय जांचों का निष्पक्ष एवं त्वरित निस्तारण करने पर भी बल दिया गया।

बजट, न्यायालय प्रकरणों और स्थापना दिवस की तैयारियों की समीक्षा-

कॉन्फ्रेंस में आवंटित बजट का पूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने, लंबित न्यायालय प्रकरणों एवं ऑडिट आक्षेपों का निस्तारण करने तथा भंडार और हथियारों के उचित रख-रखाव की समीक्षा की गई। इसके साथ ही आगामी 6 दिसंबर 2026 को आयोजित होने वाले गृह रक्षा स्थापना दिवस समारोह की तैयारियों पर भी चर्चा की गई।

मुख्यालय के निर्देशों की पालना और नियमित संवाद के निर्देश-

महानिरीक्षक पुलिस गृह रक्षा श्री राजेश मीना (आईपीएस) ने अधिकारियों को मुख्यालय से जारी परिपत्रों, स्थायी आदेशों एवं अन्य निर्देशों का गहन अध्ययन करने को कहा। उन्होंने अधीनस्थ कार्मिकों एवं स्वयंसेवकों की समस्याओं के समाधान के लिए नियमित संवाद करने तथा स्वयंसेवकों के नियोजन में वृद्धि के लिए व्यक्तिगत स्तर पर प्रयास करने के निर्देश दिए।कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में महानिदेशक एवं महासमादेष्टा श्री अनिल पालीवाल ने स्वयंसेवकों के अधिकाधिक नियोजन के प्रयासों को प्रभावी बनाने और बेहतर सुपरवाइजरी मॉडल विकसित करने के संबंध में सभी समादेष्टाओं से सुझाव मांगे। उन्होंने नियोजन स्थलों पर महिला स्वयंसेवकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस में विभाग के उप महासमादेष्टा प्रथम एवं द्वितीय, निदेशक केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्थान, वित्तीय सलाहकार, सीनियर स्टाफ ऑफिसर प्रथम एवं द्वितीय सहित प्रदेश के समस्त सीमा गृह रक्षा दल एवं गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्रों के समादेष्टा और उप समादेष्टाओं ने भाग लिया।

स्पीकर देवनानी ने किया 'विजन 2047' पोस्टर का विमोचन

बच्चों को समझाएं कर्तव्य - देवनानी

देवनानी ने बच्चों को बताई विधान सभा की कार्यप्रणाली

फ्यूचर सोसायटी और यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में विधान सभा पहुंचे बच्चों ने किया संग्रहालय का अवलोकन

द अनकवर्ड अपडेट



जयपुर। राजस्थान विधान सभा अध्?यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा है कि बच्?चों को संस्?कारवान और ज्ञानवान बनाने के लिए उन्?हें कर्तव्यों की जानकारी देना आवश्?यक है। श्री देवनानी ने बच्?चों से कहा कि वे भारतीय ज्ञान परम्?परा पर गर्व की अनुभूति करें। गहराई से प्रत्?येक बात को समझें। पुरातन भारतीय संस्?कृति को आधुनिकता से जोड़े। गीता से कर्म की भावना और रामायण से संस्?कार सीखे। विकसित भारत 2047 में योगदान देने के लिए बच्?चों को नौकरी देने वाला बनना होगा। इस मौके पर स्?पीकर श्री देवनानी ने 'विजन 2047' पोस्टर का अवलोकन किया।

श्री देवनानी ने शुक्रवार को यहां विधान सभा में फ्यूचर सोसायटी और यूनिसेफ के तत्वावधान में विधान सभा सदन, भवन और संग्रहालय को देखने आए जयपुर शहर के विभिन्?न विद्यालयों के बच्?चों से बातचीत की। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने राजस्थान विधान सभा परिसर का भ्रमण किया और विधानसभा के संग्रहालय का अवलोकन किया। संग्रहालय में प्रदर्शित ऐतिहासिक सामग्री, तस्वीरों और विधानसभा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों के माध्यम से बच्चों को प्रदेश की संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक इतिहास को करीब से जानने का अवसर मिला।

विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों को विधानसभा की कार्यप्रणाली के बारे में बताया कि विधानसभा में जनता द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि प्रदेश के विकास, जनहित और जनसमस्याओं से जुड़े विषयों पर चर्चा करते हैं। कानून निर्माण, जनहित के मुद्दों पर विचार-विमर्श और सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने में विधानसभा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। स्?पीकर श्री देवनानी ने कहा कि विश्व बाल दिवस की सार्थकता तभी है जब बच्चे अपनी ज़िम्मेदारी भी समझेंगे।

श्री देवनानी ने बच्चों के साथ विकसित भारत की संकल्पना को लेकर संवाद किया। उन्होंने बच्चों को देश के भविष्य के रूप में संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत का सपना साकार करने में नई पीढ़ी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। बच्चों में शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, नवाचार, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित होना आवश्यक है। उन्होंने बच्चों को भविष्य के लक्ष्यों के प्रति जागरूक रहने तथा देश और समाज के विकास में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया। संवाद के दौरान बच्चों को अपने विचार रखने और भविष्य के भारत को लेकर अपनी कल्पनाएं साझा करने का अवसर भी मिला।

श्री देवनानी ने बताया कि विधानसभा भ्रमण के दौरान बच्चों ने लोकतांत्रिक व्यवस्था के व्यावहारिक स्वरूप को समझने का प्रयास किया। इस तरह की गतिविधियां बच्चों को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढ़कर देश की संवैधानिक और लोकतांत्रिक संस्थाओं को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर प्रदान करती हैं। फ्यूचर सोसायटी और यूनिसेफ के इस आयोजन के माध्यम से बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक कर्तव्यों और भविष्य के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। इससे बच?चे कल के जिम्मेदार नागरिक बनने और देश के विकास के सहभागी बनेंगे की भावना को समझ सकेंगे।

फ्यूचर सोसायटी की डॉ. मीना शर्मा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत बच्चे पत्र, पोस्टकार्ड और वीडियो संदेशों के माध्यम से साझा करेंगे कि वे वर्ष 2047 में राजस्थान को कैसा देखना चाहते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, बाल सुरक्षा, समानता, पर्यावरण संरक्षण और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर बच्चे अपने सुझाव प्रस्तुत करेंगे। डॉ मीना शर्मा ने बताया यह पहल बच्चों को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं से जोड़ने, उनकी भागीदारी बढ़ाने और विकसित राजस्थान के निर्माण में उनकी भूमिका सुनिश्चित करने का एक प्रयास है। गौरतलब है कि 'विजन 47' का यह अभियान एक साल चलेगा। राजस्थान की सभी 200 विधानसभा में विधायकों और मंत्रियों के साथ संवाद सत्र आयोजित किए जाएँगे। यूनिसेफ़ के कम्यूनिकेशन स्पेशलिस्ट श्री अंकुश सिंह और चाइल्ड प्रोटेक्शन स्पेशलिस्ट डॉ. संजय निराला व सोसायटी की श्रीमती ममता कौशिक मौजूद रहे।

स्वनिधि सम्मान अवॉर्ड-2026

पीएम स्वनिधि योजना के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए राजस्थान को मिला राष्ट्रीय सम्मान

द अनकवर्ड अपडेट



नई दिल्ली/जयपुर। प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं के आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में किए गए प्रयासों के लिए राजस्थान को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से राजस्थान को प्रतिष्ठित 'स्वनिधि सम्मान अवॉर्ड-2026' प्रदान किया गया। नई दिल्ली स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रीय समारोह में केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर ने राजस्थान को यह सम्मान प्रदान किया। राजस्थान सरकार की ओर से आईएएस श्री प्रतीक चंद्रशेखर ने यह पुरस्कार ग्रहण किया। यह सम्मान राजस्थान में पीएम स्वनिधि योजना के माध्यम से रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को संस्थागत ऋण सुविधा उपलब्ध कराने, उनके वित्तीय समावेशन, डिजिटल लेनदेन को प्रोत्साहित करने तथा उनकी आजीविका को सुदृढ़ बनाने की दिशा में किए गए प्रयासों की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है।

छोटे व्यापारियों को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका-

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा 1 जून 2020 को शुरू की गई पीएम स्वनिधि योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों के रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को बिना किसी गारंटी के कार्यशील पूंजी ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। इसके अंतर्गत ऋण की तीनों किस्तों की राशि में वृद्धि, पात्र लाभार्थियों के लिए 30 हजार रुपये तक की सीमा वाला यूपीआई आधारित रुपे क्रेडिट कार्ड तथा योजना का भौगोलिक दायरा बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 'स्वनिधि से समृद्धि' पहल के माध्यम से लाभार्थियों एवं उनके परिवारों को केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़कर उनके सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है।

राजस्थान को मिला यह राष्ट्रीय सम्मान प्रदेश में शहरी आजीविका संवर्धन, छोटे कारोबारियों के आर्थिक सशक्तीकरण और वित्तीय समावेशन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का महत्वपूर्ण प्रतिफल है।

45वां इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर—

21 नवंबर को मनाया जाएगा राजस्थान दिवस, सांस्कृतिक संध्या में दिखेंगी राजस्थानी लोक कला एवं संस्कृति की झलक



द अनकवर्ड अपडेट

नई दिल्ली/जयपुर। 45वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर (आईआईटीएफ) के अंतर्गत शनिवार, 21 नवंबर 2026 को नई दिल्ली स्थित मैदान के हॉल नंबर-5 के सामने एम्फीथिएटर-1 में राजस्थान दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर राजस्थान पर्यटन विभाग की ओर से एक भव्य सांस्कृतिक संध्या आयोजित की जाएगी, जिसमें राजस्थान की समृद्ध लोक कला, संस्कृति, पारंपरिक संगीत एवं लोक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदेश की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिलेगी।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख आवासीय आयुक्त श्री रोहित कुमार उपस्थित रहेंगे।

राजस्थान की लोक कलाओं का होगा आकर्षक प्रदर्शन-

सांस्कृतिक संध्या में राजस्थान की विविध लोक नृत्य एवं संगीत परंपराओं पर आधारित प्रस्तुतियां दी जाएंगी। कार्यक्रम में चरी नृत्य, खड़ताल वादन एवं गायन, भपंग वादन, भवई नृत्य, घूमर नृत्य, चंग ढप नृत्य, गैर नृत्य, कालबेलिया नृत्य, मयूर नृत्य एवं फूलों की नृत्य प्रस्तुतियों के माध्यम से राजस्थान की समृद्ध लोक संस्कृति का प्रदर्शन किया जाएगा।

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थान दिवस समारोह के आयोजन का उद्देश्य देश-विदेश से आने वाले आगंतुकों के समक्ष राजस्थान की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक लोक कलाओं, संगीत एवं सांस्कृतिक विविधता को प्रदर्शित करना तथा प्रदेश के पर्यटन को प्रोत्साहित करना है। राजस्थान पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित यह सांस्कृतिक संध्या देश-विदेश के आगंतुकों को राजस्थान की जीवंत लोक परंपराओं, रंग-बिरंगी संस्कृति और कलात्मक विरासत से रूबरू कराने का एक विशेष अवसर होगा।

SMS में इलाज का नया मॉडल:निजी बीमाधारकों के लिए 113 पैकेज तैयार, बेड पर ही जांच

द अनकवर्ड अपडेट



जयपुर। एसएमएस हॉस्पिटल में निजी हेल्थ इंश्योरेंस वाले मरीजों के लिए इलाज का नया मॉडल तैयार हो रहा है। इसमें मरीज को भर्ती होने पर कॉटेज मिलेगा। बेड पर ही ब्लड-यूरिन सहित जरूरी सैंपल लिए जाएंगे। सीटी-एमआरआई जैसी जांच के लिए वार्ड बॉय अपॉइंटमेंट के अनुसार लेकर जाएगा। इसके लिए एसएमएस की कमेटी ने कॉटेज, आईसीयू, जांच और सर्जरी सहित करीब 113 पैकेज की दरें सीजीएचएस-2025 की तर्ज पर प्रस्तावित की हैं। इनमें 2 हजार से ज्यादा तरह के इलाज शामिल होंगे। एसएमएस प्रशासन ने अप्रूवल के लिए जनरल इंश्योरेंस काउंसिल में आवेदन किया है। अनुमति मिलते ही सुविधा का लाभ ले सकेंगे।

भर्ती के समय बताना होगा इंश्योरेंस प्लान

निजी बीमा वाले मरीज को भर्ती होने से पहले रजिस्ट्रेशन के दौरान हेल्थ इंश्योरेंस की जानकारी देनी होगी। अस्पताल से कंपनी को इलाज की मंजूरी के लिए आवेदन किया जाएगा। अप्रूवल मिलने के बाद इलाज तय पैकेज के अनुसार होगा। इसके लिए हेल्थ इंश्योरेंस डेस्क भी बनाई जाएगी। जहां रजिस्ट्रेशन, इंश्योरेंस संबंधी प्रक्रिया और डिस्चार्ज की औपचारिकताएं पूरी होंगी।

स्वामी और प्रकाशक बुधमती गोस्वामी एवं मुद्रक ताराचंद कुमावत द्वारा महारानी प्रिन्टर्स, 17 मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड़ जयपुर छपवाकर/मुद्रित कर, 10 MA, आईजी नगर, जगतपुरा,जयपुर, राजस्थान - 302017 से प्रकाशित किया। प्रधान संपादक: बुधमती गोस्वामी एवं संपादक: रमाकान्त गोस्वामी, उप संपादक - मोनिका शर्मा, पीआरजीआई नं. RJHIN/25/A 4779 ब्रांच ऑफिस: 18k3, पंकज सिंघवी मार्ग, ज्योति नगर, जयपुर-302002, मो. नं. 7610866001, हैल्प लाईन नं.: 8946840063, ईमेल आईडी: editor.theuncoveredupdate@gmail.com, वेबसाइट: www.theuncoveredupdate.com (इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी. आर. पी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तदायी), किसी भी वाद-विवाद से निपटने के लिए न्यायालय जयपुर मान्य होगा।